जबलपुर
बुधवार 6 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -6
वर्ष : 21, अंक : 6
पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इस तरह की रेटिंग की व्यवस्था करने वाला मप्र देश में 'पहला राज्य' बना

मोहन कैबिनेट में बड़ा फैसला

जिन संस्थानों के पास 'श्रम स्टार' रेटिंग, उनके उत्पादों को प्राथमिकता

- सरकार ऐसे उत्पाद प्राथमिकता के तौर पर खरीदी के साथ प्रोत्साहित भी करेगी
- 554 औद्योगिक संस्थाओं ने रेटिंग की यह व्यवस्था अपनाई

व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ऐसे औद्योगिक संस्थानों से उनके उत्पाद खरीदने व सेवाएं लेने में प्राथमिकता देगी, जिनके पास मप्र शासन का श्रम स्टार रेटिंग होगा। ऐसे औद्योगिक संस्थान अपने उत्पाद में श्रम स्टार रेटिंग अंकित करेंगे। अपने उत्पाद में इस तरह की रेटिंग की व्यवस्था करने वाला मप्र देश में पहला राज्य बन गया है। इसी तरह केंद्र सरकार की तर्ज पर मप्र सरकार ने भी व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का भी निर्णय लिया है। जिले स्तर पर भी बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि मप्र सरकार देश में पहली बार औद्योगिक उत्पादों व सेवाओं पर श्रम स्टार रेटिंग की व्यवस्था करने जा रही है। यानी जिन सस्थानों में श्रमिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था, साथ में श्रम कानूनों का पालन किया जाएगा, ऐसे संस्थान को श्रम स्टार रेटिंग प्रदान की जाएगी। प्रदेश 554 औद्योगिक संस्थाओं ने अब तक इस तरह की रेटिंग की व्यवस्था अपनाई है।

राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष होंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सदस्य होंगे। प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने के लिए वित्त, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, खनिज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तकनीकी शिक्षा और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य नीति आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, एनएचएआई और एफएसएसएआई जैसे प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों के प्रमुखों को भी बोर्ड का आधिकारिक सदस्य बनाया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान और आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

सीआईआई, फिक्की, डिक्की, फिओ, लघु उद्योग भारती पदेन सदस्य होंगे

बोर्ड में देश के प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठनों जैसे सीआईआई, फिक्की, डिक्की, फिओ और लघु उद्योग भारती के राज्य प्रमुखों को पदेन सदस्य के रूप में जोड़ा गया है। क्षेत्रीय प्राधिकरण डीजीएफटी को सदस्य एवं मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया है। राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड में आवश्यकतानुसार संशोधन अध्यक्ष की अनुमति से किया जा सकेगा। जबकि जिला स्तरीय समिति के गठन एवं कार्य क्षेत्र का निर्धारण सदस्य सचिव की ओर से किया जायेगा।

नागझिरी स्थित अडाणी एग्रो साइलो खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

अचानक गेहूं खरीदी केंद्र पहुंचे मुख्यमंत्री वेयरहाउस की क्षमता बढ़ाने दिया निर्देश

- सरकार अब तक कर चुकी 41 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन
- डॉ. यादव ने कहा-हम गेहूं खरीदी की रोज मॉनिटरिंग कर रहे

विशेष प्रतिनिधि:भोपाल। 'मैं कहीं भी हेलीकॉप्टर उतार सकता हूं और गेहूं खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर सकता हूं।' कुछ दिनों पहले ये बात कहने वाले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 मई को अचानक उज्जैन की सेवा सहकारी संस्था दताना के नागझिरी स्थित अडाणी एग्रो साइलो खरीदी केंद्र पहुंचे। उन्होंने यहां केंद्र का निरीक्षण किया, किसानों से संवाद किया और अधिकारियों को सुविधा संबंधी जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

सीएम ट्रॉली में रखे गेहूं को देखते हुए

किसान से बातचीत करते सीएम

अब नियमित अंतराल से 7 दिन के अंदर भुगतान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पूर्व में घोषित गेहूं खरीदी को लेकर पूरे प्रदेश में स्लॉट बुकिंग की तारीख बढ़ाई है। गेहूं खरीदी लगातार चल रही है। मुझे बताया गया है कि हर जगह हमारी खरीदी सहज और सामान्य हुई है, लेकिन फिर भी आकस्मिक दौरे कर हमने किसानों के साथ खड़े होने का संदेश दिया है। उन्हें हम किसी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एसआरएच पीबीकेएस
शाम 7.30 बजे से

बंगाल में 9 मई को होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

हारने के बाद ममता बेनर्जी बोली- मैं आजाद पंछी की तरह हूं और शेर की तरह लड़ती रहूंगी

दीदी की फिर दादागीरी...मैं 'इस्तीफा' नहीं दूंगी, हम हारे नहीं, सीटें लूटी गईं

- ममता ने कहा कि पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही भाजपाई कहने लगे थे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही। हम जांच के लिए 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में टीएमसी विधानसभा चुनाव हार गई है। यहां भाजपा को बहुमत मिला है और 9 मई को शपथ भी तय हो गई है। इससे ठीक पहले टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने ऐलान कर दिया है कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चुनाव हारी नहीं हूं, बल्कि साजिश के तहत जबरन हराया गया है। ऐसे में इस्तीफा क्यों दिया जाए। ममता ने कहा चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूट लीं है।

अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर भी लड़ती रहूंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं।

ममता ने कहा-चुनाव आयोग ही असली विलेन, हम उसे नहीं बख्शेंगे

टीएमसी नेताओं के साथ ममता

ममता नहीं देंगी इस्तीफा... क्या कहता है नियम?

- ममता बेनर्जी अगर इस्तीफा नहीं देती हैं तो भी राज्यपाल के पास पूरा हक है कि वो विधानसभा भंग कर दें।
- 7 मई को 17वीं बंगाल विधानसभा के कार्यकाल के समाप्त होने के बाद 8 मई को सदन भंग हो जाएगा
- ऐसे में सभी विधायकों की सदस्यता स्वतः ही रद्द हो जाएगी। इसके बाद ममता का इस्तीफा अनिवार्य भी नहीं
- विधानसभा के कार्यकाल के समाप्त होने के बाद नए मुख्यमंत्री का निर्वाचन जरूरी होता है

उधर, शाह बंगाल तो नड्डा बने असम के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली। नई सरकार के गठन के लिए होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनके साथ ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी को आब्जर्वर बनाया गया है। वहीं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा को असम के लिए आब्जर्वर बनाया गया है।

बंगाल में 9 मई को शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम

बंगाल में बड़ी जीत के बाद पार्टी ने नई सरकार के शपथ ग्रहण के लिए 9 मई की तारीख तय की है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं। असम में शपथ ग्रहण की तारीख तय नहीं है लेकिन 8 या 10 मई को आयोजन हो सकता है।

खबर संक्षेप

रेलवे जीएम ऑफिस में वीआईपी कोटे में फर्जीवाड़ा

जबलपुर। रेलवे के जीएम ऑफिस का बाबू अमित आनंद द्वारा वीआईपी कोटे में फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। यह मंत्री, सांसद और पत्रकारों के नाम पर फर्जी टिकट बुक कर रहा था। जिसे सस्पेंड कर दिया गया है। वह रेलवे अफसरों के फर्जी साइन और सील का बेधड़क इस्तेमाल कर रहा था। उसके कारनामे को रेलवे के दिल्ली ऑफिस के अफसरों ने शक होने के बाद जांच कराई। तो पूरा खेल पकड़ में आ गया। आरोपी को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। आरोपी बड़े अफसरों के नाम, उनके पदनाम और सिग्नेचर को स्कैन करके रख लेता था।

स्कूल के बाद तालाब में डूबे दो बच्चों की मौत

सिवनी। जिले के झिरिया टोला मोहगांव में स्कूल पढ़ने गए 2 बच्चे स्कूल के सामने तालाब में डूब गए। दोनों बच्चे प्राथमिक स्कूल झिरिया टोला गए थे। ग्रामीणों में जब निकाला तब तक देर हो चुकी थी।

कार-पिकअप की भिड़ंत मां-बेटे की मौत, 2 गंभीर

डिंडौरी। गाड़ासरई थाना क्षेत्र के रत्ना गांव के पास जबलपुर-अमरकंटक एनएच पर कार और पिकअप में टक्कर हो गई। इसमें कार सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पंजाब के मोहाली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक में धमाका, 5 यात्री घायल

पूरे कैबिन में फैला धुआं इमरजेंसी स्लाइडर की मदद से यात्रियों को उतारा गया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट चंडीगढ़ पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब इंडिगो की फ्लाइट 6ई108 के लैंड होने के तुरंत बाद विमान के अंदर अचानक धुआं फैल गया। विमान में सीट नंबर 39-40 के पास रखे एक पावर बैंक में विस्फोट होने से यह हादसा हुआ, जिसके बाद कुछ ही पलों में धुआं पूरे कैबिन में फैल गया और यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग और धुएं पर काबू पाया।

स्लाइडर से यात्रियों को उतारते हुए

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर घटना

ट्रॉले की टक्कर से कार में आग चालक की मौत, पिता-पुत्री जख्मी

पिता बेटी को परीक्षा दिलाने रतलाम ले जा रहे थे

रतलाम। शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बावड़ी के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां ट्राले की टक्कर के बाद एक सीएनजी कार में भीषण आग लग गई। जिसके बाद कार आग का गोला बन गई। इस हादसे में कार के ड्राइवर की मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने और राहगीरों ने दोनों घायल पिता और पुत्री को समय रहते कार से बाहर निकाल लिया, अन्यथा कार के साथ तीनों जिंदा जल जाते।

पीथमपुर में दर्दनाक हादसा

वाहन के नीचे सोए 3 मजदूरों की रिवर्स करते हुए कुचलने से मौत

तीनों मजदूर छग के रहने वाले

धार। पीथमपुर में मंगलवार तड़के एक बड़ा हादसा सामने आया। यहां बोरिंग मशीन के साथ चल रही सपोर्टिंग गाड़ी की चपेट में आने से 3 मजदूरों की मौत हो गई। तीनों मजदूर वाहन के नीचे सो रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। छत्तीसगढ़ निवासी तीनों मजदूर रात में काम खत्म होने के बाद बोरिंग मशीन के साथ खड़ी सपोर्टिंग एयर गाड़ी के नीचे आराम करने के लिए लेट गए थे। इसी दौरान चालक ने बिना नीचे देखे वाहन को लापरवाही से रिवर्स कर दिया।

कई जगह गिरे ओले : प्रदेश में दिन में औसतन 3 डिग्री और रात में 4 डिग्री तक कमी आई

भोपाल में पारा 3.2 डिग्री गिरकर 37.2 डिग्री दर्ज

आंधी-बारिश का सेट हो रहा पैटर्न, तापमान गिर रहा पर धूप और उमस ने बेहाल किया

प्रदेश में सामान्य से 9 डिग्री तक नीचे पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अधिकांश जिलों में मई महीने की शुरूआत से ही मौसम बदला हुआ है। यह क्रम अगले दो से तीन दिन और रहेगा। लगातार 5 दिन बदले मौसम के बीच अब बारिश और आंधी का पैटर्न सैट हो रहा है। इससे तापमान में गिरावट आ रही है, लेकिन तेज धूप और उमस लोगों को परेशान कर रही है। मंगलवार को भी पारे में लगातार गिरावट दर्ज हुई है। प्रदेश में दिन में औसतन 3 डिग्री और रात में 4 डिग्री तक कमी आई है। नौगांव में पारा 3 डिग्री गिरकर सामान्य से 9.1 डिग्री कम रहा है। यह प्रदेश में सबसे कम पारा है। भोपाल में 3.2 डिग्री गिरकर 37.2 डिग्री दर्ज हुआ है। यह नॉर्मल से 3.9 डिग्री कम है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश और आसपास सिस्टम सक्रिय होने से मौसम में बदलाव बना रहेगा। इससे तापमान कुछ कम रहेगा।

डिंडौरी में ओला वृष्टि और बारिश का दृश्य

आज यहां आंधी-बारिश

बुधवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, बड़वानी, धार, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, रीवा, मऊगंज, सतना, नरसिंहपुर, मैहर, पांढुर्णा में आंधी के साथ बारिश होगी। हरदा, बुरहानपुर, इंदौर, देवास, शाजापुर, अनुपपुर, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, मंडला, दमोह में भी तेज हवाओं के साथ बौछारों की उम्मीद है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों में इस तरह बढ़ी भाजपा

23 में से 9 जिलों में नहीं खुल पाया टीएमसी का खाता, भाजपा ने इस बड़े चुनाव में राज्य को पूरी तरह अपने रंग में रंग दिया व इतिहास रचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के 23 जिलों में से 9 जिलों में भाजपा ने टीएमसी का पूरी तरह सफाया कर दिया और इन क्षेत्रों की सभी 68 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा ने इस बड़े चुनाव में राज्य को पूरी तरह अपने रंग में रंग दिया। प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार में जो कहा था कि टीएमसी कई जिलों में खाता नहीं खोल पाएगी, वह सही साबित हुआ। 15 साल से सत्ता में रही टीएमसी करीब 80 सीटों पर सिमट गई। इस नतीजे के साथ भाजपा ने पूर्वी भारत के अपने आखिरी बड़े गढ़ को भी जीत लिया।

इन सीटों पर टीएमसी का कर दिया सफाया

आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी की बात सच साबित हो गई



सुवेंदु का लगातार बढ़ रहा प्रभाव

भाजपा के प्रदर्शन में सबसे ऊपर पूर्व मेदिनीपुर जिला रहा, जहां पार्टी के प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी ने पूरी तरह दबदबा बना दिया। भाजपा ने यहां सभी 16 सीटें जीत लीं, जबकि पिछले चुनाव में उसने 15 सीटें जीती थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद से अधिकारी का प्रभाव लगातार बढ़ा है।

ललिता का बर्तन मांजने से विधायक बनने तक का सफर

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में एक शख्स की जीत की हर तरफ चर्चा है। हम बात कर रहे हैं घर-घर में बर्तन मांजने का काम करने वालीं घरेलू कामगार कलिता माजी की जिन्होंने औशग्राम विधानसभा से शानदार जीत हासिल की है।

एक वोट से हुआ जीत हार का फैसला, मंत्री हारे

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के परिणामों को लेकर कई सीटों पर बेहद करीबी मुकाबलों की चर्चा सामने आई है। इनमें तिरुपत्तूर (विधानसभा क्षेत्र 185) का परिणाम खास तौर पर सुर्खियों में है। यहा डीएमके और टीवीके में लड़ाई थी। डीएमके से वरिष्ठ नेता और मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन चुनाव मैदान में थे, जबकि टीवीके की तरफ से आर. सीनिवास सेतुपति। मंत्री चुनाव हार गए।

भाजपा ने 53 सीटों पर लगाई सेंध

बंगाल में मुस्लिम वोट का गणित बदले ही पूरा समीकरण बदल गया। ममता बैनर्जी खुद की सीट नहीं बचा पाई। चुनाव आयोग ने कुल 91 लाख लोगों के नाम को वोटर लिस्ट से हटाने का काम किया था। इन 91 लाख नामों में से लगभग 57.47 लाख हिंदू थे और लगभग 31.1 लाख मुस्लिम थे। आबादी के अनुपात में इतने मुस्लिम वोट कटना अपेक्षाकृत ज्यादा अहम रहा। इस तरह भाजपा को लाभ मिला।

एसआईआर में जिन 20 सीटों पर कटे ज्यादा नाम, वहां 13 पर टीएमसी जीती

बंगाल की जिन 20 सीटों पर सबसे अधिक नाम हटाए गए उनमें से 13 सीटें टीएमसी ने जीतीं, 6 भाजपा ने और 1 सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया। भाजपा की 119 सीटों में से 28 सीटों पर हटाए गए मतदाताओं की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा थी। इन 28 में से 26 सीटें 2021 में टीएमसी ने जीती थीं।

टीवीके विधायक दल के नेता चुने गए विजय, शपथ कल

चेन्नई। तमिलनाडु चुनाव में टीवीके प्रमुख विजय ने अपने नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें वे विधायक दल के नेता चुने गए। पार्टी मुख्यालय में पेरियार ई.वी रामसामी, बीआरआंबेडकर, के.कामराज, वेलू नाचियार और अंजलाई अम्माल को पुष्पांजलि अर्पित की।विजय का उनके पार्टी सदस्यों और कई विधायकों ने स्वागत किया। गुरुवार को शपथ लेने की

खबर संक्षेप

संगमेश्वर में नाव पलटने से मासूम समेत 2 लापता

बांसवाड़ा। जिले में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब संगमेश्वर नदी में 10 लोगों से भरी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना अरथूना क्षेत्र में करीब 3 बजे हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में नदी किनारे जुट गए। नाविक सहित 8 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई।

ओवरटेक के चक्कर में गई 5 लोगों की जान

नूंह। जिले में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह 10:30 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। लोगों के बताया वाहन चालक ने ओवरटेक की कोशिश की थी।

बंगाल के नतीजे देखकर मोइत्रा ने बदले सुर

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को बंगाल में भाजपा की जबरदस्त जीत पर अपनी चुप्पी तोड़ी, तो उनके सुर बदले हुए नजर आए। पहले आक्रामक थीं। महुआ ने एक्स पर किए ट्वीट में लिखा- अगर बंगाल को भाजपा चाहिए थी, तो बंगाल को भाजपा मिल गई। मगर इसी ट्वीट के आखिरी में उन्होंने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए।

स्कूली बस खाई में गिरी, 30 बच्चे सुरक्षित

नई दिल्ली। अंबेडकरनगर में स्कूली बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई और पेड़ से टकराकर अटक गई। बस में सवार 30 बच्चे सुरक्षित बच गए, जबकि एक शिक्षिका को हल्की चोट आई। लोगों ने शीशा तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला, जिससे हादसा टल गया। कुछ बच्चे घायल हो गए थे। घायल बच्चों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाल श्रम करते 40 बच्चे रेस्क्यू, यूनिट लॉक

पूर्वी दिल्ली। जगजीत नगर, घोंडा में बाल श्रम के संबंध में मिली एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, यमुना विहार के एसडीएम ने कार्रवाई शुरू की। 4 यूनिट और 2 दुकानों को सील कर दिया गया। लगभग 40 नाबालिग बच्चों को बचाया गया। बाल श्रम में बच्चों को लगाए जाने के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके बाद उस्मानपुर पुलिस स्टेशन ने कार्रवाई की।

आम आदमी पार्टी के बीच चल रही रार पहुंची राष्ट्रपति के 'द्वार'

पंजाब सरकार हम पर कर रही बदले की कार्रवाई सरकारी तंत्र का 'खतरनाक' दुरुपयोग हो रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के बीच चल रही रार आज राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गई। पंजाब के सीएम भगवंत मान अपने सभी विधायकों के साथ दिल्ली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। वहीं उनसे पहले आप छोड़ चुके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सांसद राघव ने आप और पंजाब सरकार पर बड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि पंजाब सरकार किस तरह उन सांसदों के खिलाफ बदले की खतरनाक राजनीति के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है, जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा भाजपा में शामिल हो गए। वर्ल्ड कप विजेता हरभजन सिंह के घर के बाहर आप कार्यकर्ताओं ने पंजाब पुलिस की मदद से गद्दार लिख दिया था। पंजाब में पद्मश्री राजेंद्र गुप्ता की फैक्टरी का पानी का कनेक्शन काट दिया गया। आप ने संदीप पाठक के खिलाफ भी दुर्भावनापूर्ण और मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज करवाई और मीडिया के जरिए यह बात फैलाई गई कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

आप छोड़ चुके रास सांसद चड्ढा, संदीप, अशोक और गुप्ता की राष्ट्रपति से मुलाकात

राघव ने अपने साथियों के साथ मान सरकार पर उठाए सवाल

क्रिकेटर हरभजन के घर पर तो गद्दार तक लिख दिया था

जो खेल शुरू किया गया, अंजाम बहुत बुरा होगा

मैं आप को बताना चाहता हूं कि उन्होंने विजिलेंस बोर्ड और प्रदूषण बोर्ड की मदद से बदले का एक खतरनाक खेल शुरू किया है, लेकिन इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। बताया जा रहा है कि गला निशाना मैं हूं। पंजाब सरकार ने सोशल मीडिया पर हमें धमकाने के लिए एजेंसियों को हायर किया है। आप यह सब पंजाब सरकार के फंड का इस्तेमाल करके कर रही है।

मान बोले पंजाब से धोखा किया, 'लोकतंत्र की हत्या' की

मुलाकात के बाद सीएम मान ने कहा कि मंगलवार को राष्ट्रपति के सामने हमने देश में हो रही 'लोकतंत्र की हत्या' के खिलाफ मजबूती से आवाज बुलंद की है। असंवैधानिक तरीके से पार्टियों को तोड़ना और ईडी-सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके दागी नेताओं को भाजपा की 'वाशिंग मशीन' में साफ करना हमारे लोकतांत्रिक ढांचे के साथ सीधा खिलवाड़ है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस' की घटिया चालें कभी भी कामयाब नहीं होंगी। हमारे विधायक लाखों पंजाबियों की आवाज हैं और पंजाबी कभी गद्दारी बर्दाश्त नहीं करते। हम जनता के जनादेश और सांविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

जाखड़ का मान पर तंज

बस भाजपा कार्यालय की ओर न मुड़ जाए

इस प्रकरण पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि सुना है कि सीएम मान वोल्वो बसों में सभी विधायकों को लेकर दिल्ली में राष्ट्रपति से मिलने जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सीएम को बहुत ध्यान रखना होगा कहीं आप विधायकों की बस भाजपा कार्यालय की ओर न मुड़ जाए।

दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश

केजरीवाल, सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को अब जवाब दाखिल करने का हक खत्म

दिल्ली हाई कोर्ट में आबकारी नीति से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। आबकारी नीति से जुड़े सीबीआई मामले में अदालत की सहायता के लिए एमिकस क्यूरी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। यह कदम उस समय उठाया गया, जब मामले के तीन प्रमुख पक्षकार, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक सुनवाई में शामिल नहीं हुए। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट ने आदेश पारित किया है। सीबीआई ने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें इन नेताओं को आरोपमुक्त किया गया था। हाई कोर्ट में संबंधित पक्षों की गैर-हाजिरी को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने एमिकस नियुक्त करने का फैसला किया, ताकि मामले की निष्पक्ष और प्रभावी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके।

नहीं होगा रिकॉर्ड, 8 को सुनवाई

कोर्ट ने तीनों नेताओं के जवाब दाखिल करने के अधिकार को भी खत्म कर दिया है। यदि अब कोई जवाब दाखिल किया जाता है, तो उसे रिकॉर्ड पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगली सुनवाई 8 मई को निर्धारित की गई है, जहां इस पर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी। इस मामले में पूर्व की आम आदमी पार्टी सरकार के लोगों के नाम जुड़े हुए हैं।

बिहार में कैबिनेट विस्तार कल

शाह के साथ कई केंद्रीय मंत्री व कई मुख्यमंत्री शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की सियासत में बड़ी खुशखबर सामने आई है। सम्राट चौधरी की सरकार बनने के 22 दिन बाद 7 मई को राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य कैबिनेट विस्तार समारोह आयोजित होगा। इसे लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वीवीआईपी के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के अनुसार समारोह में नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नतिनि नवीन, पूर्व सीएम नीतीश कुमार और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी इस बड़े आयोजन के गवाह बनेंगे। वीवीआईपी मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

चुनाव के कारण टला था विस्तार

5 राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव के चलते बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार टल गया था। अब तीन राज्यों में एनडीए की जीत के बाद गठबंधन उत्साहित है और इसी ऊर्जा के साथ शपथ ग्रहण को भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस विस्तार में कई नए चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ संगठन में सक्रिय नेताओं को भी मौका दिए जाने की चर्चा है। जदयू और भाजपा के मंत्रियों की संख्या समान रहेगी। पहले मंत्री रह चुके कुछ नेताओं का वभिाग बदलने की भी चर्चा है। इनमें भाजपा से 12, जदयू से 11, लोजपा (रामविलास) से और रालोमो व हम से एक-एक मंत्री बनेंगे। गृह विभाग और विधानसभा अध्यक्ष का पद भाजपा अपने पास ही रखेगी। जदयू, रालोमो और हम कोई खास प्रयोग नहीं करेगी।

गांधी मैदान में पहली बार होगा आयोजन

नीतीश कुमार ने 2025 में चुनाव जीतने के बाद यहीं शपथ ली थी, लेकिन इस बार खास बात यह है कि केवल मंत्रियों का शपथ ग्रहण होगा। गांधी मैदान के इतिहास में यह संभवतः पहली बार होगा जब मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि सिर्फ मंत्रियों का सामूहिक शपथ ग्रहण आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक संदेश दोनों के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय की रणनीति के संकेत भी मिल सकते हैं।

सीएम ममता ने दिया था सेवा विस्तार

कोलकाता के डीसीपी सिन्हा के खिलाफ ईडी का 'लुकआउट'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शांतनु सिन्हा के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। शांतनु सिन्हा के देश छोड़कर भागने की आशंका के चलते ईडी ने यह लुकआउट नोटिस जारी करवाया है। बताया जा रहा है कि ईडी ने यह लुकआउट नोटिस सोना पप्पू केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जारी किया गया है।

शांतनु सिन्हा 2025 में कोलकाता पुलिस से सेवानिवृत्त हो चुके थे लेकिन टीएमसी सरकार द्वारा उन्हें सेवा विस्तार दिया गया था और वह अब भी राज्य पुलिस में कार्यरत हैं। 'सोना पापू सिंडिकेट' मामला पश्चिम बंगाल में जमीन कब्जाने, जबरन वसूली और रियल एस्टेट से जुड़े कथित 40 करोड़ रुपए से अधिक के हवाला लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा एक बड़ा मामला है।

इसी मामले में ईडी ने उन पर शिकंजा कसा है। अब उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

कर्नाटक में बदलाव के संकेत

दिल्ली से बुलावा मिला तो जाएंगे सिद्धारमैया, डीके बनेंगे सीएम!

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कैबिनेट फेरबदल, नेतृत्व परिवर्तन और हालिया चुनावी नतीजों पर कई अहम बयान दिए। कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर फैसला पार्टी हाईकमान के स्तर पर होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हमें जब बुलाया जाएगा, तब हम दिल्ली जाएंगे। नवंबर 2025 में सरकार के ढाई साल पूरे होने के साथ ही कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें फिर तेज हो गईं। 2023 में कांग्रेस की जीत के समय ही हो गई थी, जब संकेत मिले थे कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ढाई-ढाई साल के पावर शेयरिंग फॉर्मूले पर सहमति बनी है।

शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की उनके समर्थकों की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उनके इस बयान को राज्य कांग्रेस में चल रही अंदरूनी चर्चाओं के संदर्भ में अहम है।

जालौन में तेज रफ्तार कार डंपर में जा घुसी

10 मिनट एंबुलेंस में तड़पते रहे लोग अंधेरे ही में किया इलाज, 8 की मौत

घायलों को तत्काल स्ट्रेचर या वार्ड बॉय की मदद नहीं मिली

एजेंसी ▶▶ जालौन

यहां के उरई के कालपी के चौरासी गुंबद के पास तेज रफ्तार कार के डंपर में घुसने से हुए हादसे में घायल लोगों को जब एंबुलेंस से उरई मेडिकल कॉलेज लाया गया तो वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल गई। इमरजेंसी के बाहर एंबुलेंस पहुंचने के बाद भी घायलों को तत्काल स्ट्रेचर या वार्ड बॉय की मदद नहीं मिल सकी। घायल करीब 10 मिनट तक एंबुलेंस के अंदर ही तड़पते रहे। लोगों और परिजनों ने बताया कि इमरजेंसी के बाहर कोई भी वार्ड बॉय मौजूद नहीं था, जिससे घायलों को उतारने में भारी देरी हुई। जैसे ही मरीजों को इमरजेंसी में ले जाया गया, अचानक बिजली गुल हो गई और पूरा परिसर अंधेरे में डूब गया।

नूंह में यूपी पुलिस के 4 सिपाही और वादी की मौत

अपहरण के एक मामले में कार्रवाई करने हरियाणा गई कोतवाली उरई पुलिस टीम मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। नूंह जनपद के तावडू सदर थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में 4पुलिसकर्मियों समेत एक वादी की मौके पर ही मौत हो गई। टीम आरोपियों की तलाश में तावडू क्षेत्र पहुंची थी, तभी मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

राजस्थान विस में 'समिति प्रणाली' में बोले मप्र के स्पीकर तोमर

समितियों को प्रभावी बनाने से बढ़ेगी विस की कार्यक्षमता

एजेंसी ▶▶ जयपुर

मध्य प्रदेश विधानसभा में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है लोकतंत्र केवल संविधान के प्रावधानों से नहीं, बल्कि जन-आकांक्षाओं को नीतियों में बदलने वाली संस्थाओं से चलता है। इसके लिए समिति प्रणालियां मजबूत होना बेहद जरूरी है। यह तभी संभव होगा जब संवाद, सहमति और सहयोग के माध्यम से बेहतर निर्णय लिए जाएंगे। यहां राजस्थान विधानसभा में समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की दूसरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए स्पीकर तोमर ने कहा कि समितियों को प्रभावी बनाने से न केवल विधायिका की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जनता का विश्वास भी सुदृढ़ होगा।

मप्र, उप्र, राजस्थान, ओडिशा, सिक्किम हिमाचल के अध्यक्षों ने रखे

मध्यप्रदेश विस के प्रयासों का भी किया जिक्र

समितियां संवैधानिक प्रावधान नहीं लोकतंत्र की आत्मा हैं

तोमर ने कहा कि समिति प्रणाली लोकतांत्रिक शासन का वह आधारभूत स्तंभ है, जो नीति निर्माण को व्यावहारिक और उत्तरदायी बनाता है। समितियां केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा हैं। हमारा दायित्व है कि हम इस प्रणाली को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें। जब समितियां सशक्त होंगी, तभी विधायिका सशक्त होगी। लोकतंत्र विश्वसनीय होगा।

संवाद, सहमति से ही बेहतर निर्णय संभव

समिति प्रणाली हमें सिखाती है कि संवाद, सहमति और सहयोग के माध्यम से ही बेहतर निर्णय लिए जा सकते हैं। इसे प्रभावी बनाने से न केवल विधायिका की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जनता का विश्वास भी सुदृढ़ होगा। समिति की पहली बैठक 14 जुलाई 2025 को मप्र विधानसभा में हुई थी।

6 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल

बैठक में पश्चिम बंगाल को छोड़ कर सात में से 6 राज्यों मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ओडिशा विधान सभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और सिक्किम विधान सभा के अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा शामिल हुए। गौरतलब है कि समिति की पहली बैठक 14 जुलाई 2025 को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित हुई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव उपस्थित हुए थे। इस बैठक में समिति प्रणाली के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याण में इसकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ था।

कैबिनेट के फैसले

गन्ना-कपास किसानों को सौगात 2 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई अहम आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी। इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम , कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए अहम माने जा रहे हैं। इन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपए खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए ईसीसीएलजीएस 5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम 3 दिवसीय भारत दौरे पर

गया एयरपोर्ट पर सीएम सम्राट चौधरी ने किया स्वागत महाबोधि मंदिर में की पूजा, बोधि वृक्ष के नीचे किया ध्यान

एजेंसी ▶▶ पटना

वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम 5 मई 2026 को तीन दिवसीय भारत दौरे की शुरुआत में बिहार के गया पहुंचे। गया एयरपोर्ट पर बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सीएम सम्राट चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि वियतनामी राष्ट्रपति की यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी। राष्ट्रपति टो लाम ने बोधगया के प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की और पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान साधना भी की।

राष्ट्रपति के साथ 80 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी गया पहुंचा है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत की नगरी गयाजी आगमन पर वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। यह ऐतिहासिक आगमन निश्चित ही हमारे भारत-वियतनाम के प्रगाढ़ संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

वियतनाम के राष्ट्रपति का गया में स्वागत करते सीएम सम्राट चौधरी

रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे

उनका प्रस्थान निर्धारित है। इस दौरे को भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर होगा। भारत और वियतनाम के बीच ऐतिहासिक और सभ्यता से जुड़े रिश्ते हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में और गहरे हुए हैं। राष्ट्रपति टो लाम का दौरा ऐसे मौके पर हो रहा है जब दोनों देश 2016 में पीएम मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे होने पर सहमत हैं।

पीएम मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति टो लाम के साथ बुधवार को 11:30 बजे बजे हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी किया जाएगा। दोपहर बाद वह लोकसभा अध्यक्ष से आईटीसी मौर्या में मुलाकात करेंगे और फिर इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स द्वारा सप्रू हाउस में आयोजित कार्यक्रम में नीति भाषण देंगे। शाम को वह पुनः राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट करेंगे।

मुंबई में बिजनेस फोरम में लेंगे भाग

7 मई को लाम मुंबई पहुंचेंगे, जहां वह छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन के बाद भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज का दौरा करेंगे। इसके बाद वह होटल ट्राइडेंट में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और राज्यपाल से अलग-अलग मुलाकात करेंगे और एक बिजनेस फोरम में भी भाग लेंगे। रात 8:30 बजे वे वियतनाम के लिए रवाना होंगे।

आज राष्ट्रपति भवन में स्वागत

बोधगया के दर्शन के बाद टो लाम मंगलवार को पटना से रवाना होकर दोपहर 3:20 बजे एयरफोर्स स्टेशन पालम के हवाई अड्डे पहुंचे। 6 मई को सुबह 9 बजे उनका औपचारिक स्वागत राष्ट्रपति भवन में किया जाएगा। इसके बाद वह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

राष्ट्रपति बनने पर दी थी बधाई

इससे पहले, 7 अप्रैल को, पीएम मोदी ने वियतनाम के राष्ट्रपति के रूप में टो लाम के चुनाव पर उन्हें बधाई दी और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उनके साथ आगे काम करने की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया था कि टो लाम के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी मित्रता और भी मजबूत होती रहेगी।

खबर संक्षेप

दो भारतीय पत्रकारों को पुलित्जर पुरस्कार

नई दिल्ली। दो भारतीय पत्रकारों ने भारत में साइबर अपराध को उजागर करने वाली एक खोजी रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट के लिए प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार जीता है। आनंद आरके और सपना शर्मा को नैटली ओबिको पियर्सन के साथ 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री' श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार ब्लूमबर्ग के लिए तैयार की गई उनकी रिपोर्ट के लिए मिला। एक और भारतीय पत्रकार देवज्योत घोषाल इसी श्रेणी में फाइनलिस्ट रहे। उन्होंने दक्षिण-पूर्व एशिया में साइबर अपराध और मानव तस्करी का खुलासा किया था।

रक्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ किया एमओयू

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने हैदराबाद स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ भारतीय सेना के लिए 1,476 करोड़ रुपए की लागत से पांच पांच ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह न्यूनतम 72 प्रतिशत स्वदेशी उपकरणों से युक्त होंगे। स्वदेशी डिजाइन के आधार पर विकास और निर्माण श्रेणी के तहत इस अनुबंध पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

ईरान ने तोड़ा युद्धविराम, यूएई के फुलैराह तेल संयंत्र पर ड्रोन से किया हमला

3 भारतीय घायल, पीएम मोदी बोले- लोगों और इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना 'अस्वीकार्य'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्धविराम के बीच सोमवार को ईरान द्वारा खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 19 मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया था। इसमें एक ईरानी ड्रोन ने यूएई के एक प्रमुख तेल संयंत्र फुजैराह पर हमला किया जिससे उसमें भीषण आग लग गई। इस हमले के बाद मध्य पूर्व संघर्ष में स्थिति खतरनाक हो गई है। इस हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कड़ी निंदा की। इसके साथ ही उन्होंने यूएई के लिए अपना समर्थन जताया।

यूएई पर हुए इस हमले में तीन भारतीय घायल हो गए। वहीं दुनिया के अन्य शीर्ष नेताओं ने भी यूएई पर हुए इन हमलों की निंदा की है। पीएम मोदी ने कहा कि यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए। आम लोगों और इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना मंजूर नहीं है। भारत यूएई के साथ मजबूती से खड़ा है और बातचीत और कूटनीति के जरिए सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और बिना रुकावट के नेविगेशन सुनिश्चित करना, इलाके में शांति, स्थिरता और ग्लोबल ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

> पीएम मोदी ने कहा कि भारत यूएई के साथ मजबूती से खड़ा है और बातचीत और कूटनीति के जरिए सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और बिना रुकावट के नेविगेशन सुनिश्चित करना, इलाके में शांति, स्थिरता और ग्लोबल ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है

यूएई पर किए गए हमलों की दुनिया भर में निंदा

होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही हो

यूएई के फुलैराह तेल संयंत्र पर हमले बाद उठता धुएं का गुबार

पहले भी फुजैराह पर हमला कर चुका है ईरान

यूएई ने कहा कि पिछले महीने ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्धविराम के बाद से उस पर पहली बार हमला हुआ है। ईरान पर देश के सबसे बड़े बंदरगाह और तेल भंडारण क्षेत्र, फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र को निशाना बनाने का आरोप है। यूएई ने कहा कि विस्फोट में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य पर हुई गोलीबारी के बीच हुए इस हमले को अबू धाबी ने 'खतरनाक तनाव बढ़ाने' का एक रूप बताया।

हम भी देंगे जवाब: यूएई

यूएई के विदेश मंत्रालय ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम हमलों का पूर्ण और वैध जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। ये हमले एक खतरनाक तनाव बढ़ाने और एक अस्वीकार्य अतिक्रमण हैं। बता दें, 1983 में खोला गया फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र, होर्मुज जलडमरूमध्य के पार ओमान की खाड़ी के किनारे रणनीतिक रूप से स्थित, इस क्षेत्र में परिष्कृत कच्चे तेल के सबसे बड़े वाणिज्यिक भंडारण केंद्र के रूप में कार्य करता है।

अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन: ईयू

यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि ईरान के नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर गलत मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद मुहम्मद बिन जायद और संयुक्त अरब अमीरात के लोगों के साथ पूरी एकजुटता है। संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का ये उल्लंघन मंजूर नहीं है और इसे रोकना होगा। ईरान को मिडिल ईस्ट में सीजफायर बनाए रखने के लिए बातचीत करनी चाहिए।

हम यूएई के साथ: जर्मनी

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि यूएई एक बार फिर ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों का निशाना बना है। हम इन हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी एकजुटता यूएई के लोगों और इस क्षेत्र में हमारे साझेदारों के साथ है।

हमला गलत: कनाडा

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडा, ईरान के बिना उकसावे के यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करता है। हम मुहम्मद बिन जायद और यूएई के लोगों के साथ खड़े हैं।

तनाव खत्म हो: ब्रिटेन

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने यूएई पर हमले के लिए ईरान की आलोचना की और कहा कि वह खाड़ी में अपने साझेदारों की रक्षा का समर्थन करते रहेंगे। यह तनाव खत्म होना चाहिए।

जमैका की विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ के साथ एस. जयशंकर

जमैका की विदेश मंत्री से जयशंकर की भेंट

दोनों देशों के बीच खेल और डिजिटल पेमेंट पर एमओयू

एजेंसी ▶▶ किंग्सटन

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जमैका के दौरे पर अपनी समकक्ष विदेश मंत्री कामिना जे स्मिथ से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच बहुआयामी साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन, खेल-मनोरंजन, इंफ्रास्ट्रक्चर, क्षमता निर्माण और बहुपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मैंने विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ और दूसरे कैबिनेट मंत्रियों के साथ हमारी साझेदारी के अलग-अलग पहलुओं का गहराई से समीक्षा करने के लिए बैठक की।

जमैका पीएम से की मुलाकात

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और आधारभूत ढांचा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने जमैका के पीएम एंड्रयू होलनेस के साथ भी मुलाकात की, जिसमें वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करते हुए संबंधों को और गहरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा समर्थित 'ग्रामीण आजीविका सुधार परियोजना' सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है।

भीष्म क्यूब अस्पतालों का दिया तोहफा

मुलाकात के दौरान भारत की ओर से जमैका को 10 भीष्म क्यूब मोबाइल अस्पताल सिस्टम औपचारिक रूप से सौंपे गए। ये तेजी से तैनात किए जा सकने वाले अत्याधुनिक मोबाइल अस्पताल आपदाओं और आपात स्थितियों में जमैका की मदद करेंगे। डॉ. एस. जयशंकर ने इसे दोस्ती का प्रतीक, आपदा प्रबंधन की प्रतिबद्धता और भारतीय इनोवेशन का नतीजा बताया। इस मौके पर जमैका के स्वास्थ्य मंत्री क्रिस्टोफर टफ्टन भी मौजूद रहे। इसके अलावा, विदेश मंत्री ने जमैका के इंडस्ट्री और बिजनेस लीडर्स से बातचीत की।

होर्मुज स्ट्रेट को लेकर गालिबाफ ने ट्रंप पर कसा तंज

बोले- हमने तो अभी शुरुआत भी नहीं की नाकेबंदी जारी रखना इतना भी सरल नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे ईरान के मुख्य वार्ताकार और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने मंगलवार को चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी गतिरोध में उनके देश ने अभी शुरुआत भी नहीं की है। गालिबफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हम भली-भांति जानते हैं कि यथास्थिति का जारी रहना अमेरिका के लिए असहनीय है, जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। अमेरिका और उसके सहयोगियों की कार्रवाइयों ने जहाजरानी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी हानिकारक उपस्थिति कम हो जाएगी।

मोहम्मद बाघेर गालिबाफ

सैन्य कार्रवाई से नहीं सुलझेगा संकट

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिन होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की। अमेरिका के इस मिशन को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' ही 'प्रोजेक्ट डेडलॉक' है। उन्होंने अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी देते हुए कहा कि सैन्य कार्रवाई किसी भी राजनीतिक संकट का हल नहीं है।

अमेरिका ने 6 ईरानी नावों को डुबोया: अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख ब्रैड कूपर ने बताया कि ईरानी बलों ने कई क्रूज मिसाइलें, ड्रोन और छोटी नावें उन जहाजों पर दागीं जिनकी हम सुरक्षा कर रहे थे। अमेरिकी बलों ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में नागरिक जहाजों को निशाना बनाने वाली छह ईरानी छोटी नावों को डुबो दिया और कई मिसाइलों व ड्रोन को रोक दिया।

भारत-जापान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में करेंगे काम

सस्ती चिकित्सा सेवाएं सुलभ होंगी, नवाचार को देंगे बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है।

नई दिल्ली में आयोजित तीसरी संयुक्त समिति बैठक में दोनों देशों ने बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, मजबूत चिकित्सा आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल स्वास्थ्य में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस बैठक की सह-अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति मंत्री किमी ओनोदा ने की।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह बैठक दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है।

बर्फबारी के बीच बाबा केदारनाथ के दर्शन

पांडवों ने किया था निर्माण

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित केदारनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। 3,584 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर, चार धाम और पंच केदार में भी शामिल है। इसका निर्माण पांडवों द्वारा और जीर्णोद्धार आदि शंकराचार्य द्वारा किया गया माना जाता है, जहां त्रिकोणीय शिवलिंग की पूजा होती है।

लैंडिंग के लिए नीचे उतरते ही अमेरिकी विमान का संपर्क टूटा

कतर के ऊपर भर रहा था उड़ान, अचानक रडार से हुआ गायब

इमरजेंसी सिग्नल जारी करने के बाद केसी-135 विमान लापता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/दोहा

मिडिल ईस्ट में गहराते तनाव के बीच अमेरिका की वायुसेना का एक केसी-135 विमान लापता हो गया है। यह विमान कतर के ऊपर आसमान में उड़ान भर रहा था और अचानक रडार से गायब हो गया। फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइट रडार 24 के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान '7700' डिस्ट्रेस सिग्नल जारी किया, जो किसी इमरजेंसी हालात का संकेत होता है। केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान को फ्लाइंग गैस स्टेशन भी कहा जाता है क्योंकि यह हवा में ही लड़ाकू विमानों को ईंधन उपलब्ध कराता है। फ्लाइट रडार 24 के डेटा का हवाला देते हुए इस विमान के गायब होने की खबर दी।

विमान केसी-135 की कतर के ऊपर उड़ान भरते समय की स्थिति

सैन्य विमान है केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर

केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर एक सैन्य विमान है जिसमें चार टर्बोफैन इंजन लगे होते हैं (जो इसके पंखों के नीचे लगे होते हैं) और इसका इस्तेमाल हवा में ही ईंधन भरने के लिए किया जाता है। इस विमान में ईंधन भरने की प्रणाली के ऊपर एक कार्गो डेक होता है, जिससे यह यात्रियों और उपकरणों दोनों को ले जाने में सक्षम होता है। इस विमान का इस्तेमाल हवा में उड़ते हुए अन्य विमानों को ईंधन देने के लिए किया जाता है।

यूएई के अल धफ्रा एयर बेस पर तैनात था

यह विमान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धफरा एयर बेस पर तैनात था और मिडिल ईस्ट में सैन्य ऑपरेशनों में हिस्सा ले रहा था। ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक यह विमान कुछ समय तक हवा में चक्कर लगाता रहा और फिर लैंडिंग के लिए नीचे उतरना शुरू किया, लेकिन इसके बाद उससे संपर्क टूट गया। इमरजेंसी का सही कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। बता दें, इससे पहले मार्च महीने में ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना ने अपना एक केसी-135 विमान खो दिया था।

एयर मेडिकल रेस्क्यू मिशन में सहायक

यह विमान लड़ाकू विमानों, बमवर्षक विमानों और अन्य सैन्य विमानों को हवा में अधिक समय तक रहने और लंबी दूरी तय करने में मदद करता है। यह अमेरिकी नौसेना, मरीन और सहयोगी देशों के विमानों को भी सहायता प्रदान करता है। सैकड़ों केसी-135 विमान अमेरिकी वायुसेना, एयर नेशनल गार्ड और एयर फोर्स रिजर्व की सेवा में तैनात हैं। केसी-135 यात्रियों और सामान को भी ले जा सकता है, एयर मेडिकल रेस्क्यू मिशन में सहायता कर सकता है, और विशेष मेडिकल पैलेट्स का उपयोग करके घायल या बीमार मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा सकता है।

म्यांमार में एडमिरल त्रिपाठी की अहम बैठक

समुद्री सहयोग बढ़ाने, क्षमता निर्माण मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ नेवल स्टाफ (सीएनएस) एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने म्यांमार की राजधानी नेप्यीडॉ में म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल ह्टिन विन से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते रिश्तों पर बात हुई। साथ ही समुद्री सहयोग बढ़ाने, ट्रेनिंग, क्षमता निर्माण, मोबाइल ट्रेनिंग टीम्स (एमटीटीएस), हाइड्रोग्राफी और आपसी तालमेल (इंटरऑपरेबिलिटी) को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों देशों के रक्षा संबंधों की समीक्षा की गई और आगे की प्राथमिकताओं पर बात हुई। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि भारत-म्यांमार रक्षा सहयोग क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए कितना अहम है।

तय समय में काम नहीं करने पर लगेगा भारी भरकम जुर्माना

आदमपुर खंती-330 दिन में हटेगा 33 एकड़ में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट, सौराष्ट्र इन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को मिला ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर खंती में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का पहाड़ धीरे-धीरे अब खत्म हो जाएगा। नगर निगम ने सौराष्ट्र इन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को 55 करोड रुपए से 33 एकड में लेगेसी वेस्ट को हटाने और पूरी तरह से भूमि समतल करके देने का काम दिया है। उक्त एजेंसी ने आदमपुर में लेगेसी वेस्ट की प्रोसेसिंग का काम शुरू कर दिया है। शर्तों के मुताबिक यह काम 330 दिन में पूरा करना है वरन प्रतिदिन के हिसाब से एजेंसी पर भारी-भरकम जुर्माना लगना शुरू हो जाएगा।

लेगेसी वेस्ट की प्रोसेसिंग पर खर्च होंगे 55 करोड रुपए, एजेंसी ने काम किया शुरू

खंती में बीते 18 माह में 12 बार आग लगने की हो चुकी हैं घटनाएं

लेगेसी वेस्ट निष्पादन के लिए मेसर्स ग्रीन रिसोर्स सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को नवंबर-2020 में वर्क आर्डर जारी किया गया था, लेकिन उक्त एजेंसी ने मई-2024 की निर्धारित सीमा में काम पूरा नहीं करने की स्थिति में एग्रीमेंट निरस्त कर दिया गया और पैनाल्टी भी लगाई गई। इसके बाद जून-2025 में मेसर्स सुसज्जा जेवी आनंद आटो को वर्क आर्डर जारी किया गया, लेकिन उक्त एजेंसी द्वारा काम शुरू नहीं करने पर एग्रीमेंट निरस्त कर दिया गया है। अब यह काम मेसर्स सौराष्ट्र इन्वायरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है, जिसे यह काम 330 दिनों में पूरा करना है। जिस समय टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई थी उस समय आदमपुर खंती में 6 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा लेगेसी वेस्ट का अनुमान लगाया गया था। सिंतबर-25 से जनवरी-26 तक 1 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा ठोस अपशिष्ट एकत्र हुआ। इस तरह वर्तमान में 7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का अनुमान है, जिसे संबंधित एजेंसी द्वारा निष्पादन करके भूमि को पूरी तरह से रिक्लेम किया जाएगा। इस संबंध में निगमायुक्त संस्कृति जैन का कहना कि आदमपुर में लेगेसी वेस्ट का निष्पादन के लिए समय-सीमा तय की गई है। एजेंसी ने प्रोसेसिंग शुरू कर दी है। निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

आए दिन आग लगने से वातावरण हो रहा है दूषित

आदमपुर खंती के आसपास कई ग्रामीण इलाके हैं। आग लगने की स्थिति में एक दर्जन से ज्यादा गांव जो दस किमी के दायरे में आते हैं प्रभावित होते हैं, जबकि सबसे नजदीक आदमपुर छावनी, हरिपुरा और शांति नगर गांव में हैं जहां धुएं और बदबू से लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो जाता है।

खबर संक्षेप

परीक्षा सत्र 25-26: अब 14 मई तक फॉर्म होंगे जमा

भोपाल। राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा प्रथम वर्ष, (नवीन पाठ्यक्रमानुसार) (नियमित) परीक्षा सत्र 2025-26 के छात्र/छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन की तिथि में बढ़ोतरी कर दी है। बीए, बी.काम., बीएससी (जूलाजी एवं फिजिक्स)/ बीबीए/बीसीए के लिए परीक्षा आवेदन की तारीखें बढ़ाई गई हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ एनईपी प्रथम वर्ष नियमित बीए/बी काम. /बी.एस.सी (जुलाजी एवं फिजिक्स)/ बीबीए /बीसीए छात्र के लिए सामान्य शुल्क के साथ 13/4/2026 से 4/5/2026 के स्थान पर अब 14/5/2026 तक तारीख बढ़ी है। लेट फीस 300/- रुपए के साथ 15 से 19/5/2026 तक जमा किए जाएंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000/- रुपए के साथ 20 मई 2026 से परीक्षा शुरू होने से 3 दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

एमसीयू में शुरू हुआ मल्टिडिसिप्लिनरी कोर्स

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के संयुक्त नेतृत्व में दो सप्ताह का मल्टिडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स सोमवार से शुरू हो गया। यह ऑनलाइन कोर्स 16 मई तक चलेगा। इस कोर्स में भाषा, संस्कृति, समाज और मानव अनुभव जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित कई राज्यों के शिक्षक और प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन सत्र में एमसीयू के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिक्षण में नए प्रयोग करना जरूरी है, क्लासरूम के साथ-साथ आउटडोर लर्निंग भी महत्वपूर्ण है। आज के समय में तकनीकी विकास तेजी से हो रहा है और युवा देश को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना भी जरूरी है। विद्यार्थियों के विकास की जिम्मेदारी शिक्षकों पर होती है और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाने में उनकी भूमिका अहम है।

एक किमी क्षेत्र का सफर तय करने में लग रहा एक घंटा, इतने में छूट जाती है ट्रेन

मेट्रो कार्य... रेलवे स्टेशन से नादरा बस स्टैंड तक हर रोज लग रहा जाम

काली मंदिर रोड पर लगा जाम।

इन ट्रेनों के यात्री हो रहे परेशान

ट्रेन नंबर	नाम	भोपाल से जाने का समय
19324	भोपाल-डॉ. आंबेडकर नगर इंटर.	शाम 5 बजे
12197	भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी	दोपहर 3:15 बजे
22161	राज्यरानी एक्सप्रेस	शाम 5:55 बजे
19712	भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस	शाम 4:35 बजे
19304	भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस	रात 11:10 बजे
11272	विंध्याचल एक्सप्रेस	शाम 6:10 बजे
12183	भोपाल-मां बेल्हा धाम	शाम 7:15 बजे
12854	अमरकंटक एक्सप्रेस	शाम 4 बजे
19343	पंचवेली एक्सप्रेस	शाम 6 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो निर्माण काम के चलते सेंट्रल लाइब्रेरी तिराहे से लेकर रेलवे स्टेशन व नादरा बस स्टैंड तक आए दिन सुबह व शाम के समय लगभग एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में ऑफिस छुट्टी खत्म होते ही दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस दौरान महज एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को करीब एक घंटे का समय लग जाता है। ऐसे में भोपाल रेलवे स्टेशन से दस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों पर इसका असर पड़ रहा है। जाम से दो चार होने के करीब 25 हजार से यात्री देरी से स्टेशन पहुंच पा रहे है। इसके चलते कई बार जहां अप-डाउन करने वाले यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है तो कई बार वे टिकट भी नहीं ले पाते है। इसके अलावा रोजाना 50 हजार से अधिक वाहन चालक भी घंटों जाम से परेशान हो रहे हैं। इस सब के बाद भी यहां पर यातायात पुलिस जवानों की ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है।

जाम की यह है मुख्य वजह

- जाम का प्रमुख कारण मेट्रो निर्माण कार्य है, जो इस मार्ग पर लगातार चल रहा है। सड़क का बड़ा हिस्सा बैरिकेडिंग के कारण पहले ही संकरा हो चुका है, ऊपर से निर्माण सामग्री, मशीनें और ट्रकों की आवाजाही के कारण ट्रैफिक और अधिक प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह से निकलने का कोई उचित वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से भी जाम बढ़ता है। यात्रियों को इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे भीड़ और बढ़ जाती है।
- इस क्षेत्र में रेलवे का पार्सल ऑफिस होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही भी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इन वाहनों के लिए अलग निकास मार्ग न होने से वे भी इसी मार्ग में फंस जाते हैं और पूरा ट्रैफिक ठप हो जाता है।
- यात्रियों, ऑटो रिक्शा और निजी वाहनों सभी का मुख्य आवागमन इसी सड़क से होता है। अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहनों के मिलने से जाम की स्थिति और गंभीर होती जाती है।

राहगीरों को होती है बहुत ज्यादा परेशानी

रानी कमलापति स्टेशन छोर की ओर होगा विस्तार

उज्जैन मंडल के बाद भोपाल ने सिंहस्थ कुंभ मेला को लेकर तैयारी की आरंभ

भोपाल स्टेशन एक नंबर प्लेटफॉर्म का होगा कार्य

फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर रेलवे प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। स्टेशन पर भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने भीड़ नियंत्रण का मास्टर प्लान तैयार किया है। उज्जैन रेल मंडल के बाद अब भोपाल मंडल की ओर से तैयारी की जा रही है। इसके तहत जहां भोपाल स्टेशन पर 50 हजार यात्रियों की क्षमता वाले होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। इसके अलावा यहां पर एक नंबर प्लेटफार्म का विस्तार करने की योजना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार दूसरे शहरों से आने वाली कई प्रमुख ट्रेनें एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंचती थी। इसलिए यहां प्लेटफार्म की लंबी बढ़ाने की योजना है। इसके लिए आरकेएमपी ओर लंबी बढ़ा जा सकती है।

लंबी दूरी की ट्रेनों के हॉल्ट में होती है परेशानी

प्लेटफॉर्म नंबर-1 का विस्तार रानी कमलापति स्टेशन छोर की ओर किया जाएगा। वर्तमान में प्लेटफॉर्म की लंबाई कम होने के कारण लंबी ट्रेनों के ठहराव में दिक्कत आती है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म के विस्तार के बाद लंबी ट्रेनों का संचालन सुचारु रूप से हो सकेगा । कुंभ सहित अन्य तीज त्योहार के दौरान भीड-भाड़ में यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार यह पूरा कार्य एडीईएन (वर्क्स) भोपाल द्वारा किया जाएगा। योजना पर लगभग 71.80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे और इसे 6 महीने पूरा किया जाएगा।

रेलवे यार्ड में किया जाएगा काम

रेलवे अधिकारियों के अनुसार भोपाल व संत हिरदाराम नगर स्टेशन बड़ी संख्या में कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इस दौरान रेलवे यार्ड व रेलवे ट्रैक पर लोड बढ़ेगा। इसके ट्रैक व ट्रेनों के मेंटेनेंस को रेलवे को लेकर भी रेलवे ने योजना बनाई है। इसके तहत भोपाल रेलवे यार्ड में वार्ड रिमॉडलिंग (फेज-1) का काम भी किया जाएगा। इसमें रेलवे ट्रैक और उससे जुड़े ढांचे को नए सिरे से व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित और तेज हो सके। रिमॉडलिंग के दौरान बीना छोर की ओर स्थित प्लेटफॉर्म नंबर-1 के कुछ हिस्से को हटाया जाएगा। यह कदम दोनों छोरों पर मुख्य रेल लाइन को सीधा (थ्रूल) बनाने के लिए उठाया जा रहा है। थ्रू लाइन बनने से ट्रेनों को बिना स्कावट सीधे गुजरने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी गति बढ़ेगी। इससे यात्रियों के समय की भी बचत होगी और रेलवे ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

पुलिस की सतर्कता से पकड़ाए आरोपियों में दो महिलाएं, दो पुरुष

पद्मश्री फूलबासन बाई यादव को अगवा करने का प्रयास, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पद्मश्री फूलबासन बाई यादव के अपहरण का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे जिले में सनसनी फैल गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी सुकुलदैहान चौकी पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। यह घटना राजनांदगांव जिले के सुकुलदैहान चौकी क्षेत्र की है। सुकुलदैहान निवासी समाजसेविका पद्मश्री फूलबासन बाई यादव अपने घर में थीं। इस दौरान बेमेतरा जिले के चार लोग उनके घर आए। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं, जो उनके पूर्व परिचित थे।

दिव्यांग से तस्वीर लेने का कहकर कार में बिठाया

चारों ने पहले उनसे बातचीत की और फिर उन्हें अपनी कार में बैठाया। दिव्यांग से तस्वीर लेने की बात कहकर उन्हें जबरदस्ती कार में बैठाया गया। इसके बाद उन्हें पकड़कर मुंह में कपड़ा रखकर हाथ-पैर को पकड़कर जबरदस्ती ले जाया जा रहा था। अपहरणकर्ताओं का यह प्रयास सफल नहीं हो सका। शहर के चिखली चौकी के पास यातायात पुलिस जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने फूलबासन बाई को कार में देखा। फूलबासन बाई ने पुलिसकर्मियों को देखकर हाथ हिलाया और मदद के लिए आवाज दी। एक यातायात पुलिसकर्मी ने उनकी आवाज सुनी, जिसके बाद अपहरण के पूरे मामले का खुलासा हुआ। यातायात पुलिस की सजगता से अपहरणकर्ताओं को तुरंत पकड़ा गया। सुकुलदैहान पुलिस ने चारों लोगों को हिरासत में ले लिया है। उनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद ही इस पूरे मामले में और खुलासे किए जाएंगे।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी ड्राइवर फरार

कार-माजदा वाहन की भीषण भिड़ंत, एक की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के ग्राम तिलाई राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर सोमवार रात कार और माजदा वाहन में भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार में सवार चार युवकों में से एक की मौके पर मौत हो गई। तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

मारुति कार में गोपाल ठाकुर, महेश, धर्मेंद्र और प्रवीण सवार थे। वे सर्विस कैटरिंग का काम करते हैं। संबलपुर में एक शादी समारोह में काम करने के बाद वे रायपुर जा रहे थे। इसी दौरान तिलाई राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर एक तेज रफ्तार माजदा वाहन ने उनकी कार को बगल से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। माजदा वाहन भी सड़क पर पलट गया। हादसे में 40 वर्षीय गोपाल ठाकुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घायलों को किया बिलासपुर रेफर

धर्मेंद्र कुर्मी, महेश और प्रवीण को गंभीर अवस्था में तत्काल जिला अस्पताल जांजगीर भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त माजदा वाहन को जब्त कर लिया है। माजदा वाहन का चालक घटना के बाद से फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मृतक गोपाल ठाकुर के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया है। पुलिस परिजनों के पहुंचने का इंतजार कर रही है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया जाएगा।

जंगली सुअर के हमले में दस लोग घायल

राजनांदगांव। जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक जंगली सुअर ने तेंदूपत्ता तोड़ने गए लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में कुल 10 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से पांच को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। यह घटना एलबी नगर के पास कोहलाकसा गांव में हुई। सभी ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने के काम में लगे हुए थे। अचानक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हमले में घायल हुए लोगों में कोहलाकसा निवासी फूलबाई साहू की हालत गंभीर बताई जा रही है।

महिला मरीज के पति ने बाथरूम की खिड़की से लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मरीज के पति ने बाथरूम की खिड़की से छलांग लगा दी। यह घटना फीमेल मेडिसिन 1 वार्ड में हुई, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी फैल गई। घायल को तत्काल आपातकाल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मारडूम निवासी 28 वर्षीय पायके माड़वी पीलिया के इलाज के लिए फीमेल मेडिसिन वार्ड 1 के बिस्तर संख्या 18 पर भर्ती हैं। सुबह उनके पति लक्ष्मण बाथरूम में गए और वहां लगे लोहे के रॉड को मोड़कर खिड़की पर चढ़ गए। अचानक उन्होंने नीचे कूद लगा दी, जिसे देखकर नीचे काम कर रहे सफाई कर्मचारी डर गए। उन्होंने तुरंत सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना दी। सुरक्षाकर्मियों ने बिना देर किए घायल लक्ष्मण को उठाया और बेहतर उपचार के लिए आपातकाल ले गए।

युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं

बाद में उसे वार्ड में भर्ती किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अधीक्षक अनुरूप साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को देखने के बाद चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने सर्जरी विभाग के एचओडी को भी मामले से अवगत कराया। सर्जरी विभाग के एचओडी ने भी घायल को देखने के बाद जूनियर डॉक्टरों को इलाज के बारे में बताया। अधीक्षक ने बाद में उस खिड़की का भी निरीक्षण किया जहां से लक्ष्मण ने छलांग लगाई थी। इसके बाद आला अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई। बैठक में अस्पताल की सभी टूटी-फूटी खिड़कियों को जल्द से जल्द ठीक करने का निर्देश दिया गया।

देश-दुनिया और सामान्य जीवन पर देखने को मिलेगा व्यापक असर

कहीं दिखाई देंगे सकारात्मक परिणाम तो कहीं दिखेंगी चुनौतियां

इस माह चार ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन: 14 को बृहस्पति मिथुन, 15 को सूर्य वृषभ में और 18 मई को राहु-केतु भी जाएंगे कुंभ राशि में

लोगों को झेलना पड़ेगी मौसम की मार, तरक्की का अनुकूल समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मई माह में ग्रहों के राशि परिवर्तन वाला महीना रहेगा। 14 से 31 मई के बीच चार ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा। इस बदलाव के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी, जिससे लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ सकती है। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 को बृहस्पति मिथुन में, 15 को सूर्य वृषभ में गए, 18 को राहु-केतु, तो वहीं 1 मई को शुक्र मेष राशि में गोचर करेगा। इस दौरान कई बड़े ग्रह अपनी राशि बदलेंगे। सूर्य, मंगल, गुरु, शुक्र और राहु-केतु जैसे प्रमुख ग्रहों के गोचर का प्रभाव सभी राशियों, देश-दुनिया और सामान्य जीवन पर देखने को मिल सकता है। ये बदलाव कहीं सकारात्मक परिणाम देंगे तो कहीं चुनौतियां भी बढ़ा सकते हैं।

गुरु ग्रह का मिथुन राशि में गोचर

14 मई को देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। गुरु को ज्ञान, भाग्य और विस्तार का कारक माना जाता है। व्यक्ति की सोच सकारात्मक होगी और आध्यात्मिक रुचि भी बढ़ सकती है। यह समय सीखने और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल माना जाएगा।

सूर्य का वृषभ राशि में गोचर

15 मई को सूर्य वृषभ राशि में गोचर करेगा। सूर्य आत्मविश्वास, नेतृत्व और प्रतिष्ठा का ग्रह है। इस गोचर से जीवन में स्थिरता और व्यावहारिक सोच बढ़ेगी।

राहु-केतु का कुंभ राशि में गोचर

18 मई को राहु और केतु कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। ये दोनों ग्रह अचानक बदलाव, भ्रम और मानसिक अस्थिरता के कारक माने जाते हैं। इस समय जीवन में अनिश्चितता बढ़ सकती है और निर्णय लेने में दुविधा महसूस हो सकती है। कुछ मामलों में अचानक बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं, इसलिए इस अवधि में सावधानी और धैर्य बहुत जरूरी होगा।

शुक्र का मेष राशि में गोचर

31 मई को शुक्र मेष राशि में गोचर करेगा। शुक्र प्रेम, सुंदरता, कला और सुख-सुविधाओं का ग्रह है। इस गोचर से रिश्तों में सुधार, आकर्षण में वृद्धि और नए संबंध बनने के योग बन सकते हैं।

एकदंत संकष्टी चतुर्थी पर हुई गणेशजी संग रिद्धि सिद्धि की पूजा अर्चना

भोपाल। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकदंत संकष्टी चतुर्थी मंगलवार को राजधानी के गणेश मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार साध्य और सिद्ध योग में एकदंत संकष्टी चतुर्थी रही। इस मौके पर भगवान गणेश और माता रिद्धि-सिद्धि की पूजा-अर्चना किया गया। संकटनाशन गणेश स्तोत्र और गणेश मंत्र का जाप हुआ। साथ ही भगवान का अभिषेक कर दिव्य श्रृंगार किया गया। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस व्रत को जीवन में सुख-शांति, जीवनसाथी और संतान के सौभाग्य की कामना से किया जाता है।

गुफा मंदिर व न्यू मार्केट गणेश मंदिरों में भी हुई विशेष पूजा

इस मौके पर राजधानी के न्यू मार्केट गणेश मंदिर, गुफा मंदिर में विशेष पूजा की गई। वहीं अभिषेक के बाद फूलों से श्रृंगार किया गया। गुफा मंदिर में भगवान गणेश के 32 स्वरूपों की पूजा होती है। हर स्वरूप की अपनी विशेषता है। इस दिन एकदंत स्वरूप की पूजा की गई। वेदपाठियों ने गणेश स्तोत्र का पाठ करते हुए अभिषेक किया।

गर्मी, हवा के बीच बिगड़े मौसम के मिजाज

दिनभर तेज धूप के बाद शाम को पड़ी तेज बौछारें

फाइल फोटो

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से गर्मी के मौसम में बारिश और हवा के गठजोड़ से मौसम के मिजाज बदल गये हैं। दिनभर मौसम खुला रहा। तेज धूप रही पारा भी 37 डिग्री के पास रहा, लेकिन शाम 5.30 बजे के बाद अचानक बादल छाए और बारिश होने लगी। लगभग 5 मिनिट तक पानी की बौछारों बाद मौसम खुलते ही उमस ने हमला कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2-3 दिनों तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे। पश्चिमी विक्षोप की वजह से छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है और हवा में नमी बन गई है सोमवार की देर रात 2 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में हुई बारिश के बाद पश्चिमी-विक्षोभ ने मध्यप्रदेश को अपने घेरे में ले लिया है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश में वायुमण्डल पर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 57 प्रतिशत और सायंकाल 45 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 36.07 और न्यूनतम तापमान 20.09 दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे अधिक 43.0 डिग्री तापमान खरगौन में दर्ज किया गया। सूर्योदय 5.34 पर और सूर्य अस्त 6.40 पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकतीं हैं।

सालसा द्वारा आयोजित 21 दिवसीय इंटर्नशिप के दौरान दी जायेगी कानूनी जानकारियां

विधि छात्र-छात्राओं का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रारंभ

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया कार्यपालक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारंभ मंगलवार 05 मई 2026 को किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव कु. सुमन श्रीवास्तव ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विधि के छात्र विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न पहलुओं को समझ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह इंटर्नशिप विधि के व्यावहारिक पक्षों को सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उप सचिव अनिरुद्ध जैन जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रदीप सिंह ठाकुर तथा दिग्विजय सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने इंटरशिप कर रहे छात्र-छात्राओं को विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं एवं विधिक सेवा संस्थानों के कार्यप्रणाली के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही विधिक सेवाओं से संबंधित आईईसी सामग्री एवं साहित्य भी प्रदान किया गया। इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विधि के छात्रों को मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, मजिस्ट्रेट एवं सत्र न्यायालय, वृद्धाश्रम, बाल कल्याण समिति, बाल गृह, किशोर न्याय बोर्ड, ऑब्जर्वेशन होम, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग, मध्यस्थता केंद्र ले जाया जाकर संबंधित संस्थाओं की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाएगा।

बरगी क्रूज हादसे के दिवंगतों की आत्मा को शांति के लिए रामपुर से जीसीएफ चौक तक निकला कैंडल मार्च

जबलपुर। बरगी डेम में हुई कैंडल क्रूज दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए रामपुर चौक से जीसीएफ चौक तक मौन कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग प्रशासन से की। कैंडल मार्च का आयोजन शिवसेना प्रमुख ठाडेश्वर महावर के नेतृत्व में किया गया। इसमें अमित दुबे, काशी बैन, पप्पू प्रजापति, दिलीप सिंगरौरे, छोटू तिवारी, शेषमणि पटेल, बाबूलाल तिवारी, माया कनोजिया, संध्या पटेल, अमरदेव यादव, विनिता राठौर, शशि सिंगरौर, नमामी शंकर महावर, संदीप तिवारी, दयाशंकर, देवलाल, राकेश यादव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों।

बरगी हादसे के दिवंगतों को गौ माता चौक पर दी गई श्रद्धांजलि

जबलपुर। बरगी क्षेत्र में हुई हृदयविदारक घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गौ माता चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने एकत्र होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। महिला मंडल अध्यक्ष भावना गुप्ता ने बताया कि इस दुखद घटना से पूरा क्षेत्र शोकाकुल है और सभी लोग मिलकर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। सभा में अपर्णा गुप्ता, श्वेता, आभा, सपना, पूर्णिमा, नीरज (एस्ट्रो), नीरज (मदन महल), नीरज (कटंगा), संजय, कमलेश, राकेश एवं दिगंबर गुप्ता सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

सर्वम शक्तिमयम' अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस संपन्न, शक्तिपीठों की भूमिका पर हुआ मंथन

जबलपुर। त्रिपुरी शोध पीठ और महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'सर्वम शक्तिमयम' का समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रेक्षा भवन में हुआ, जिसमें शक्तिपीठों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भूमिका पर विद्वानों ने विचार प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस में "शक्ति" विषय पर शोध पत्रों का भी वाचन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, प्रो. रजनीश शुक्ला (संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी), आध्यात्मिक वक्ता स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती तथा मुख्य वक्ता प्रो. राजेंद्र प्रसाद शर्मा (राजस्थान विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दिलीप सिंह हजारी (प्राचार्य), डॉ. नितिन पटेल तथा अन्य शोधार्थियों की उपस्थिति में किया गया। प्रो. राजेंद्र शर्मा को त्रिपुरी शोध पीठ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर "त्रिपुरी शोध पीठ अमरीका" का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरंद सिंह "नीर", डॉ. राजा तिवारी एवं डॉ. अर्चना शाने ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन निरंद सिंह "नीर" द्वारा किया गया।

पाइप लाइन में कम प्रेशर से आ रहा है पानी, वार्ड वासी परेशान

बरेला। ग्रीष्म काल में घटते जल स्तर की वजह से ट्यूब बेलों में पानी का लेवल डाउन हो रहा है जिसकी वजह से पाइपलाइन में प्रेशर भी कम हो गया है जिसके कारण लोगों को पानी भरने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि वार्ड नंबर 14 में बजरंग बाल विहार के आसपास रहवासीघरों के पाइपलाइन में पानी का प्रेशर कम होने से नलों में पानी की मात्रा कम हो गई है इसकी वजह से पानी भरने में समय लग रहा है अपित प्रेशर कम होने से घरों में संचित पानी की मात्रा भी कम हो रही है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 9 के रहवासी परेशान हैं स्थानीय निवासी राजू गोटिया का कहना है कि उनके घरों में भी आने वाली पाइपलाइन में पानी का प्रेशर कम है इसकी वजह से उन्हें दूसरे घरों से पानी भर कर लाना पड़ रहा है बताया जाता है कि पानी चलने का समय निश्चित है इसकी वजह से पूर्व की तुलना में अब पानी कम आ रहा है जिसके कारण दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय निवासियों ने अविलंब व्यवस्था में सुधार की मांग की है इस संबंध में जल प्रभारी विवेक रैकवार का कहना है कि शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

मेधावी छात्रा अलीजा अनम को वक्फ बोर्ड ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित

जबलपुर। शहर की मेधावी छात्रा अलीजा अनम को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा सम्मानित किया गया। अलीजा ने वर्ष 2025 की 10वीं परीक्षा में 97% अंक प्राप्त कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के निर्देशानुसार आयोजित इस सम्मान समारोह में छात्रा को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप भेंट किया गया, ताकि उनकी आगे की पढ़ाई सुगम हो सके। कार्यक्रम भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कमर अली, जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष शमसुल हसन, नसीम बेग, उवैश अंसारी, नवाब आरिफ खान, तनवीर कोटी, मुईन खान और मो. वसीम जफर खान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि अलीजा जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं और उनका यह सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

एकता समर कैंप में बच्चों ने सीखी जीवन जीने की कला

जबलपुर। नेपियर टाउन स्थित शिव स्मृति भवन में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'एकता समर कैंप' उत्साहपूर्वक जारी है। शिविर में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल सीख रहे हैं। कैंप की शुरुआत प्रतिदिन प्रार्थना और मेडिटेशन से होती है। बच्चों को नैतिक शिक्षा, एकाग्रता, तनाव मुक्त रहने और बड़ों का सम्मान करने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। आर्ट एवं क्राफ्ट के जरिए रचनात्मकता विकसित की जा रही है, वहीं खेल-कूद और नृत्य से उनमें ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। कैंप प्रभारी भावना सेवा केंद्र ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को संस्कारों और प्रकृति से जोड़ना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं राजयोग शिक्षिका बीके वर्षा ने बताया कि राजयोग से बच्चों की स्मरण शक्ति और मानसिक विकास में मदद मिलती है। शिविर में शामिल बच्चों ने इसे रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। अभिभावकों ने भी इसे छुट्टियों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी पहल बताया। यह समर कैंप 7 मई 2026 तक चलेगा, जिसके समापन समारोह में बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

गणना के दौरान भड़का, लाइन अटैच, विभागीय जांच के आदेश

आरक्षक ने टीआई का वायरलेस छुड़ाकर पटका

जबलपुर। पुलिस विभाग ने अनुशासन उस वक्त तार-तार हो गया, जब गौरीघाट थाने में एक सिपाही ने गणना के दौरान थाना प्रभारी के गिरेबान पर हाथ डाल लिया। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, घटना की अधिकारिक जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आरक्षक को तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि गौरीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे सोमवार की शाम को गणना कर रहे थे, तभी उन्होंने सभी आरक्षकों और डयूटी अधिकारियों को ड्यूटी के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आरक्षक अजय लोधी जोर जोर से चिल्लाने लगा। उसने मुंशी के साथ साथ थाना प्रभारी से अभद्र व्यवहार किया। गिरेबान में हाथ डालने की कोशिश की तभी एक सब इंस्पेक्टर ने उसे अलग किया। बताया गया है कि आरक्षक विभाग के ही एक अधिकारी को थाने की एक-एक खबर देता रहा। जिस पर गणना के दौरान टिप्पणी की गई। यही से विवाद बढ़ा, कहा तो यहां तक जा रहा है कि आरक्षक ने जमकर अभद्रता की और टीआई का वायरसेट छुड़ाकर पटक दिया। एफआईआर रुम में कम्प्यूटर उठाकर फेंकने की कोशिश की, जिसे स्टाफ ने पकड़ लिया। टीआई ने एसपी को इस घटना क्रम की जानकारी दी, एसपी संपत उपाध्याय ने वायरलेस सेट पर ही लाईन हाजिर होने के आदेश देते हुए विभागीय जांच के भी आदेश दे दिए है। इस घटना से पूरा स्टाफ स्तब्ध रह गया।

पुलिस महकमे में चल रही चर्चाओं में यह बात सामने आई कि गौरीघाट थाना में शाम के वक्त गणना चल रही, इस दौरान गणना ले रहे थानाप्रभारी हरिकिशन आटनेरे सभी पुलिस कर्मियों को कार्य संबंधी दिशा निर्देश दे रहे थे। एक-एक पुलिस कर्मी से चर्चा करते हुए थाना प्रभारी ने जैसे की आरक्षक अजय लोधी को उनके कार्य के बारे में समझाना चाहा तभी आरक्षक भड़क गया और अभद्रता करने लगा। थाना प्रभारी ने अनुशासन के दायरे में रहकर बात करने के लिए कहा तो वह सीधे टीआई पर झपट पड़ा और उनकी कॉलर पकड़कर गाली गलौज पर उतारु हो गया। आरक्षक द्वारा की गई अभद्रता से अन्य पुलिस कर्मी कुछ देर के लिए स्तब्ध रह गए।

उधर सूत्रों का कहना है कि आरक्षक अजय लोधी गोरखपुर संभाग से जुड़े एक अधिकारी का चहेता है और थाने की एक-एक खबर वह अधिकारी तक पहुंचाता था। गणना के दौरान जब यह बात सामने आई कि इधर की बात उधर कौन करता है तो आरक्षक भड़क उठा और उसने अनुशासन की तमाम सीमाएं लांघ दी। गणना के दौरान ही टीआई से अभद्रता की और गिरेबान में हाथ डालते हुए उनका वायरलेस सेट छुड़ाकर पटक दिए। थाने के एफआईआर रुम में कम्प्यूटर फेंकने की कोशिश की तो स्टॉफ के लोगों ने पकड़ लिया। इस घटनाक्रम से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। दरअसल टीआई ने इसकी शिकायत एसपी से की तो , एसपी संपत उपाध्याय ने तत्काल वायरलेस सेट पर ही आरक्षक को लाईन हाजिर करने का आदेश जारी किया और मंगलवार को आरक्षकर के खिलाफ विधिवत विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए।

पॉस्को के आरोपित को न्यायालय ने दी जमानत

जबलपुर। मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर की एक अदालत ने पॉक्सो में आरोपी बनाये गये एक अभियुक्त को दी जमानत कर दिया है। आरोपी हेमराज पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया था।

इस मामले में केवल सह-आरोपी द्वारा पुलिस हिरासत में दी गई जानकारी और पुलिस को दिए गए उसके स्वयं के अभियोगात्मक बयान के आधार पर कार्रवाई करना उचित नहीं है, जो साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य नहीं हैं। जांच के दौरान पहचान परेड आयोजित नहीं की गई थी। पीड़िता ने बीएनएसएस की धारा 183 के तहत दर्ज अपने बयान में आवेदक की संलिप्तता का आरोप नहीं लगाया है। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार यादव, कंचन यादव, उमेश यादव, श्रुति यादव ने पैरवी की।

चाकूबाजी में 1 घायल

जबलपुर। हनुमानताल थाना अतंर्गत चारखंबा छोटी मदार टेकरी गेट के सामने बैठे एक युवक पर एक बदमाश ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चारखंबा छोटी मदार टेकरी निवासी 27 वर्षीय शहबाज अंसारी देर रात करीब 12.05 बजे अपने दोस्त शाहरुख अंसारी एवं अरमान के साथ बड़ी मदार टेकरी मदार गेट के सामने बैठा था। उसी समय सिंधी कैम्प निवासी आमिर आया, जिसके साथ उसका उठना बैठना था जो अब बंद हो गया है इसी बात पर आमिर उसे देखकर गालीगलौज करने लगा मना करने पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और दुबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(इ), 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

कार्रवाई : जुआ, सट्टा, शराबियों की धरपकड़

213 वाहन चालकों से वसूला 79 हजार रुपए जुर्माना

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थ और अवैध हथियार के कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने वालों को भी चिन्हित कर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 213 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 79 हजार 100 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 10 आरोपियों पर धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं विवाद करने वाले 62 लोगों के खिलाफ धारा 126/135(3) बीएनएसएस और 18 लोगों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 6 गैरम्यादी, 29 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 54 जमानती वारंट तामील किये गये तथा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 18 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 45 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 31 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 213 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 79 हजार 100 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

सौतेल भाई ने अपनी सौतेली बहन के साथ की मारपीट

जबलपुर। पाटन थाना अतंर्गत ग्राम बिनैकी में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। बताया गया है कि सौतेली बहन द्वारा अपनी मर्जी से शादी करने के बाद मायके में रह रही थी। इसी बात पर युवक का अपने पिता से विवाद हो गया और पिता व सौतेले भाई ने उसके साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिनैकी पाटन निवासी 28 वर्षीय अभिषेक चौधरी की सौतेली बहन ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। उसने अपने पिता से कहा जब बहन ने शादी कर ली है तो अपने पति के घर मे क्यों नहीं रहती, इसी बात से नाराज होकर उसके पिता लेखराम उसके साथ गालीगलौज करने लगे मना करने पर पिता लेखराम ने मारपीट की एवं सौतेले भाई लकी ने डण्डे से उस पर हमला कर सिर मे चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 बी, 118(1), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

खबर संक्षेप

घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की गई कार्यवाही

कटनी। नगर में स्वच्छता एवं सुगम आवागमन व्यवस्था बनाए रखने हेतु शहर के विभिन्न सार्वजनिक मार्ग में अभियान चलाकर घुमंतू मवेशियों पर कार्यवाही का क्रम निरंतर जारी जिसके तहत हाउसिंग बोर्ड, दुगाडी नाला, विश्राम बाबा गेट, सहित कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामने से 15 नग घुमंतू मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजने की कार्यवाही की गई। जिससे यातायात व्यवस्था एवं स्वच्छता दोनों में सुधार देखने को मिल रहा है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर को उत्कृष्ट स्थान दिलाने हेतु सभी नागरिक सक्रिय सहभागिता निभाएं। कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करें तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें, ताकि स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर कटनी के निर्माण का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से प्राप्त किया जा सके।

पीएम आवास पर अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही

कटनी। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों पर अनाधिकृत कब्जे के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में इंदिरा नगर गली क्रमांक-7 स्थित स्वर्गीय प्रेमलाल बर्मन एवं स्वर्गीय श्रीमती कमला बर्मन के नाम आवंटित प्रधानमंत्री आवास पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर निगम प्रशासन द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई है। निगम के कार्यपालन यंत्री ने सार्वजनिक सूचना के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त हितग्राही दंपत्ति का निधन हो चुका है, जिसके उपरांत संबंधित मकान पर एक व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत निगम प्रशासन को प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा संबंधित व्यक्ति को कब्जा हटाने हेतु नोटिस जारी किया गया। तदोपरान्त 30 अप्रैल 2026 को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही संपादित की गई तथा स्थल पंचनामा तैयार कर भवन को नगर पालिक निगम कटनी के आधिपत्य में लिया गया। साथ ही भवन में तालाबंदी कर सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। निगम प्रशासन ने सार्वजनिक सूचना के माध्यम से स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को स्वर्गीय प्रेमलाल बर्मन का वास्तविक वारिस अथवा उत्तराधिकारी है, तो वह नियमानुसार अपना पक्ष सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित प्रेमलाल बर्मन के शासकीय आवासों पर किसी प्रकार का अनाधिकृत कब्जा न करें। किसी व्यक्ति द्वारा इस भवन पर कब्जा करने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही, एफआईआर सहित अन्य दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

रोजाना बदल रहा मौसम लोगों को बना रहा बीमार

कटनी। मौजूदा समय में रोजाना मौसम अलग अलग रूप बदला रहा है। कभी धूप तो भी बारिश हो रही है। बदलता मौसम अब लोगों को बीमार बना रहा है। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी है। मौसम परिवर्तन से सर्दी, जुकाम, बुखार और खांसी से लोग ग्रसित हो रहे है। बच्चों में बीमारी का असर ज्यादा देखा जा रहा है। शहर के अस्पतालों में भीड़ उमड़ रही है। जिला अस्पताल हो या फिर प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में मरीज रोज पहुंच रहे हैं। इसमें ज्यादातर संख्या संक्रामक रोग के मरीजों की है। बीमारी के पीछे मुख्य वजह तापमान में उतार-चढ़ाव को बताया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते शरीर खुद को नियंत्रित नहीं कर पाता। बदलते मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्कता होती है। दिन में निकलने वाली तेज धूप से बचें जिससे बीमारियों को अटैक करने का मौका न मिल सके। इस मौसम में बच्चों को लेकर भी सावधानी बरतनी चाहिए। बदले मौसम से बच्चे डायरिया, बुखार जैसी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। मौसम परिवर्तन होने से अस्पतालों में सामान्य दिनों से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों की मनमानी से परेशानी

दुकानों को बनाया गोदाम: सड़क पर कारोबार, आवागमन में भारी फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सड़क कारोबार किये जाने से यहां दिन भर लोगों को जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। यह समस्या सालो से है लेकिन सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंडी में अतिक्रमण, जाम और गंदगी स्थायी समस्या बनी हुई है। बदहाली और शोर शराबा के बीच रहने की तो स्थानीय सब्जी व्यापारियो की आदत में शुमार हो गया है लेकिन सब्जी खरीदी के लिये पहुंचने वाले जनसामान्य को यहा हद दर्जे की बदइंतजामियां झेलनी पड़ रही है।

दरअसल सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्था से यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों से लेकर सब्जी मंडी में व्यवस्था सुधारने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। सब्जी मंडी में प्रवेश करने के साथ ही आमजनों की परेशानी बढ़ जाती है। समस्या को लेकर जिम्मेदारों अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

सब्जी मंडी में दिन के समय तिपहिया वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बाद यहां वाहनो का प्रवेश हो रहा है। एक तो दुकानदारो द्वारा आगे बढ़ाकर दुकान लगाने और उपर से वाहनो की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बारे में यातायात विभाग द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की जाती। सब्जी मंडी में सब्जी लेने वालो के लिये आने वाले लोग असुविधाओं को लेकर जिम्मेदारो कोसते है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन दुकानदारों ने उपरी कमाई के लिये सिकमी किरायेदार रख लिया है या स्वयं ही सड़क पर दुकान लगा ली जाती हैं जिससे आमजनों को परेशानी होती है। बिलैया तलैया सब्जी मंडी में जाम लगने की मुख्य वजह सड़क पर लग रही दुकानें हैं। सब्जी बेचने वाले सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर सब्जी की दुकान लगा लेते हैं। जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। सब्जी मंडी में दुकान संचालक दुकान का उपयोग गोदाम की तरह और सड़क का उपयोग दुकान की तरह कर रहे हैं। दुकान के अंदर सब्जी का स्टॉक रखते हैं और सब्जी को सड़क पर रखकर बेचते हैं।

कुछ दुकान संचालकों ने अपनी स्थाई दुकान के सामने सड़क को ही किराए पर दे रखा है। स्थाई दुकान के सामने जो भी अस्थाई रूप से दुकान लगाएगा, उससे किराया वसूल किया जाता है। नगर निगम की सड़कों को किराए में चलाया जा रहा है। यह सब होने के बाद भी जिम्मेदार उदासीन है। लोग हर दिन सब्जी मंडी में लगने वाले जाम से परेशान होते हैं।

कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को पहरूआ स्थित कृषि उपज मंडी समिति का औचक निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवक-जावक गेट पर ई-मंडी एप के माध्यम से किसानों को जारी की जा रही प्रवेश पंजी की प्रक्रिया का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने मंडी प्रांगण में गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों की नीलामी शेड में रखी कृषि उपज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं मंडी कर्मचारियों से नीलामी प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की। नीलामी स्थल पर उपस्थित किसानों से मंडी में उपलब्ध सुविधाओं एवं भुगतान व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें नीलामी के दिन ही शाम तक अपनी उपज का भुगतान व्यापारियों द्वारा प्राप्त हो जाता है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शेड क्रमांक 2 में गेहूँ की नीलामी प्रक्रिया में भी शामिल हुए और पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मंडी परिसर की बाउंड्री वॉल को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात की दिशा में निगम प्रशासन का एक और प्रभावी कदम

जिला न्यायालय क्षेत्र से प्रारंभ किया गया रोड मार्किंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर के मुख्य मार्गों में रोड मार्किंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत जिला न्यायालय परिसर एवं आसपास के मार्गों से की गई, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों एवं वाहनों का आवागमन होता है।

बेहतर आवागमन सुविधा

निगम प्रशासन के निर्देशन में संचालित इस कार्य का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों को मजबूत करना, यातायात संचालन को व्यवस्थित बनाना तथा आमजन को सुरक्षित आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। रोड मार्किंग के माध्यम से सड़कों पर लेन निर्धारण, स्टॉप लाइन, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, दिशा संकेत एवं अन्य यातायात संकेतों को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों दोनों को सुविधा प्राप्त होगी। वहीं अनधिकृत रूप से सार्वजनिक मार्गों में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

निगम प्रशासन का मानना है कि सुव्यवस्थित रोड मार्किंग से यातायात अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा, दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी तथा व्यस्त मार्गों पर वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित हो सकेगी। विशेष रूप से न्यायालय क्षेत्र जैसे संवेदनशील एवं व्यस्त स्थानों पर यह कार्य नागरिक सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नगर निगम के सिटी ट्रांसपोर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश पवार ने बताया कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से रोड मार्किंग कार्य कराया जाएगा। निगम प्रशासन की यह पहल शहर को आधुनिक, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

विकासखंड स्तरीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश

मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (MPSRLM) की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय समस्त मिशनकर्मियों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार मे आयोजित हुई। श्री मोदी ने मिशन कर्मियों से परिचय उपरांत कार्यों की प्रगति एवं आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा के दौरान बड़वारा, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा विकासखण्डों में स्वसहायता समूहों के बैंक खाते खोले जाने के सर्वाधिक प्रकरण लंबित पाए जाने पर गंभीर रूप से संज्ञान लेते हुए श्री मोदी ने संबंधित मिशनकर्मियों को सख्ती से निर्देशित किया कि 31 मई 2026 तक समस्त लंबित स्वसहायता समूहों के बैंक खाते खोले जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कि जो स्वसहायता समूह वर्तमान में निष्क्रिय हैं, उनका शीघ्र सत्यापन कर विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। एसीईओ एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री मोदी ने विकासखण्डवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए नगद साख सीमा (CCL), लखपति दीदी, आजीविका रजिस्टर, स्वसहायता समूह का ट्रांजेक्शन, आंतरिक अंकेक्षण, ऋण वापसी, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन के पंजीयन तथा मुद्रा लोन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित मिशन कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में समस्त जिला प्रबंधक, सहायक जिला प्रबंधक, विकासखण्ड प्रबंधक एवं सहायक विकासखण्ड प्रबंधक उपस्थित रहे।

वृद्ध महिला तक स्वयं पहुंचीं महापौर, सुनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम में आयोजित महापौर जनसुनवाई एक बार फिर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आई। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां पेयजल, सड़क, स्वच्छता,प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई।

तत्काल समाधान के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान एक प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला, जब एक वृद्ध महिला सीढ़ियां चढ़कर ऊपर नहीं जा सकीं। स्थिति को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी स्वयं नीचे पहुंचीं और महिला से उनकी समस्या जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम में नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे शिकायतों को बिना देरी के समझा गया। महापौर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस दौरान विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे कई मामलों में मौके पर ही कार्यवाही शुरू की गई।

महापौर श्रीमती सूरी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए यह मंच उपलब्ध कराया गया है,इसका सभी अधिक से अधिक लाभ उठायें।

तीन दिवसीय विशेष शिविर आज से, विशेष दल गठित

कटनी। अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को गति नागरिकों को विकास शुल्क जमा करने की सुविधा प्रदान कर नागरिक मूलभूत अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 में तीन दिवसीय विकास शुल्क शिविर का आयोजन 06 मई से 08 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है। कालोनी सेल अधिकारी एवं निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि पूर्व में चिन्हित अनाधिकृत कॉलोनियों के अभिभाषकों एवं संबंधित पक्षों को सूचना जारी कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के क्रम में संबंधित नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा करने हेतु यह विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए विशेष दल का गठन किया गया है।

पांच स्थलों में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली अधिभार की छूट का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिल सके इस हेतु नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों में लोक अदालत शिविरों का आयोजन करनें के निर्देश दिए है।

राजस्व अधिकारी ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा 9 मई को नगर के प्रमुख पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने पर शासन निर्देशानुसार अधिभार में शत प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में नगर निगम, द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही हैं। इसके अंतर्गत संपत्ति कर के 50,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 50,000 रुपये से अधिक एवं 1,00,000 रुपये तक के प्रकरणों में 50 प्रतिशत छूट तथा 1,00,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार जल उपभोक्ता प्रभार जलकर के 10,000 रुपये तक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट, 10,000 रुपये से अधिक एवं 50,000 रुपये तक के प्रकरणों में 75 प्रतिशत छूट तथा 50,000 रुपये से अधिक बकाया प्रकरणों में अधिभार पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। यह छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में प्रदान की जाएगी तथा छूट उपरांत शेष राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा की जा सकेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करना अनिवार्य होगा।

जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात, आवागमन भी होगा अधिक बेहतर

दो वार्डों में 68 लाख के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। इसी क्रम में दो कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, एमआइसी सदस्यों एवं क्षेत्रीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन, संजू जीवन चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महाराणा प्रताप वार्ड स्थित झिंझरी क्षेत्र में सीसी नाली निर्माण कार्य तथा कावसजी वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। लगभग 35 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों के पूर्ण होने पर जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

भूमिपूजन के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके और विकास का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा, जिससे दैनिक जीवन और अधिक सुगम होगा।

महापौर ने सुनी समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड की महिलाओं के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त किया। महापौर ने महिलाओं से स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के निर्माण में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी से अपने आसपास सफाई बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने और अन्य नागरिकों को भी जागरूक करने की अपील की।

कन्या के हाथों शुभारंभ

राम जानकी हनुमान वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन बालिका मुस्कान रजक के करकमलों से कराई गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता तथा मेयर इन काउंसिल सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से वार्ड वासियों को लगभग 33.05 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली। भूमिपूजन के अंतर्गत सड़क एवं विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही आवागमन भी बेहतर होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 12 मई को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा न केंद्र के विकासखंड स्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित समय पर पहुंचे।

खबर संक्षेप

सबसे अधिक स्पैम कॉल में भारत पांचवें स्थान पर

नई दिल्ली। भारत दुनिया में पांचवें सबसे अधिक स्पैम कॉल प्रभावित देशों में शामिल है। बिक्री और टेलीमार्केटिंग कॉल्स इस समस्या का प्रमुख कारण बनी हुई हैं। कॉल करने वालों की पहचान की सुविधा देने वाले मंच 'ट्रूकॉलर' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। स्पैम कॉल से सबसे अधिक प्रभावित देशों की वैश्विक सूची में इंडोनेशिया शीर्ष पर है। इसके बाद चिली, वियतनाम और ब्राजील का स्थान है।

एनएचपीसी की सुबनसिरी इकाई से बिजली आपूर्ति शुरू

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएचपीसी ने 2,000 मेगावाट क्षमता वाली सुबनसिरी

लोअर जलविद्युत परियोजना की चौथी इकाई से वाणिज्यिक रूप से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है। एनएचपीसी अरुणाचल प्रदेश और असम की सीमा पर उत्तर लखीमपुर के पास इस जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है। इसमें 250-250 मेगावाट की आठ इकाइयां शामिल हैं और इसकी अनुमानित लागत लगभग 27,000 करोड़ रुपये है।

पीएनबी का मुनाफा 14 फीसदी बढ़कर 5,225 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 5,225

करोड़ रुपये हो गया। ऋणदाता का इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 4,567 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय हालांकि घटकर 36,319 करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले 36,705 करोड़ रुपये थी।

रुपया दो पैसे टूटकर निचले स्तर 95.25 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। यह गिरावट खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और संयुक्त अरब

अमीरात (यूएई) के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद आई है। इससे आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं और निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश से बच रहे हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ब्रेंट क्रूड तेल के करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने से भारत जैसे तेल आयातक देशों पर दबाव बना हुआ है। साथ ही, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है।

मैरिको का लाभ 18 फीसदी उछलकर 408 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी मैरिको लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में

एकीकृत शुद्ध लाभ 18.26 प्रतिशत बढ़कर 408 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 345 करोड़ रुपये रहा था। मैरिको लिमिटेड ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 3,333 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,730 करोड़ रुपये थी।

जेएलआर ने ब्रिटेन से आयातित एसवी मॉडलों के दाम 75 लाख रुपए तक घटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के फायदे को पास-ऑन करते हुए जगुआर लैंड रोवर(जेएलआर) इंडिया ने अपनी लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर एसवी मॉडल्स की कीमतों में कटौती की है। फ्लैगशिप रेंज रोवर एसवी की शुरुआती कीमत अब 4.25 करोड़ रुपए से घटकर 3.50 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) हो गई है, यानी पूरे 75 लाख रुपए की बचत होगी। साथ ही रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी एडिशन टू की कीमत 2.75 करोड़ रुपए से घटकर 2.35 करोड़ रुपए रह गई है। इसकी कीमत में भी 40 लाख रुपए की कटौती हुई है। इसके अलावा एक नया बेस स्पोर्ट एसवी वेरिएंट भी 2.05 करोड़ रुपए में लांच किया गया है। ये कटौती यूके से इंपोर्टेड सीबीयू मॉडल्स पर ड्यूटी कम होने (110% से 30% के आसपास पहले साल) का सीधा फायदा है। इससे पहले सितंबर 2025 में जीएसटी सुधारों से भी कीमतें 30 लाख रुपए तक घटी थीं। जेएलआर पहला लग्जरी ब्रांड है, जो एफटीए के फायदे को कस्टमर्स तक पहुंचा रहा है। नई कीमतें तुरंत लागू हो गई हैं, जिससे हाई-एंड लग्जरी एसयूवी सेगमेंट और आकर्षक हो गया है। फीचर्स की बात करें, तो लिस्ट में मेरिडियन सिग्नेचर साउंड सिस्टम, 13.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट, हेड-अप डिस्प्ले, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 3डी सराउंड कैमरा, रिमोट पार्क असिस्ट, मेमोरी फंक्शन वाली सीट्स और मल्टीपल ड्राइव मोड्स शामिल हैं।

जगुआर लैंड रोवर को भारत-यूके फ्री एग्रीमेंट का मिला फायदा

डिजाइन और इंटीरियर

रेंज रोवर एसयू में मॉडर्न और रिडक्टिव एक्सटीरियर डिजाइन है। एक्सक्लूसिव फ्रंट ग्रिल, बंपर, कंट्रास्टिंग रेंज रोवर स्क्रिप्ट और एसयू सिरेमिक राउंडेल इसे अलग पहचान देते हैं। 23-इंच व्हील्स, एलईडी हेडलाइट्स और स्लीक प्रोफाइल इसे प्रीमियम रोड प्रेजेंस देते हैं। लॉन्ग व्हीलबेस (एलडब्ल्यूबी) वर्जन में स्पेस और प्रेजेंस दोनों बढ़ जाते हैं।

केबिन अल्ट्रा लग्जरी

केबिन अल्ट्रा-लग्जरी है। इसे सेमी - एनीलाइन या नीयर एनीलाइन लेदर अपहोल्स्ट्री, एक्सक्लूसिव डुअल-टोन कलर स्कीम्स, हॉट स्टोन मसाज के साथ 24-वे एडजस्टेबल हीटेड-वेंटिलेटेड सीट्स और एक्जीक्यूटिव क्लास रियर सीट्स मिलती है। हाई-क्वालिटी मैटेरियल्स, एम्ब्रॉयडरी और सेंसरी फ्लोरिंग कम्फर्ट को अगले लेवल पर ले जाते हैं। रियर पैसेंजर्स के लिए लग्जरी लाउंज जैसा एक्सपीरियंस मिलता है।

कैबिनेट में और भी लिए गए कई निर्णय, गन्ने की एमआरपी बढ़ाई गई

एमएसएमई व एविएशन सेक्टर को बूस्ट देगी मोदी सरकार, 18100 करोड़ रुपए फंड का हुआ ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली यह योजना पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) दोनों की मदद करेगी।

- पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया

आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में मदद मिलेगी: वैष्णव ने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

रोजगार बनाए रखने में मदद मिलेगी

सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाये रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई और विमानन क्षेत्र पर वित्तीय दबाव काफी बढ़ गया है।

दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

केंद्र सरकार ने दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत मंजूरी दी गई है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली वाणिज्यिक मिनी/माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले इकाई और एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई शामिल है।

वडिनार में बनेगा अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र

केंद्र सरकार ने गुजरात के वडिनार में 1,570 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना को दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड संयुक्त रूप से लागू करेंगे।

कपास उत्पादकता बढ़ाने 5,659 करोड़ मंजूर

सरकार ने कपास क्षेत्र में घटती वृद्धि, उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 5,659.22 करोड़ रुपये के एक पंचवर्षीय मिशन को मंजूरी दी। यह मिशन कपास क्षेत्र की बाधाओं को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। नवीनतम अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में देश का कपास उत्पादन 170 किलोग्राम की गांठों के हिसाब से 291 लाख गांठ रहा है।

सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपए बढ़ाया

सरकार ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने बताया, ''10.25 प्रतिशत की मूल प्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा।'' हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है।

मिड ईस्ट संकट भारत की जीडीपी वृद्धि दर को नीचे ला सकता है : सीआईआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष, समुद्री आपूर्ति में बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकती हैं। मेमानी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुआ मौजूदा ऊर्जा संकट यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन सकता है। उन्होंने बातचीत में कहा, यदि पश्चिम एशिया का यह संकट समय पर सुलझ जाता है, तो आर्थिक वृद्धि की रफ्तार फिर तेज हो सकती है और यह 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। लेकिन यदि यह बहुत लंबे समय तक खिंचता है, तो वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे रह सकती है।

- देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती हैं

हालांकि, उन्होंने माना कि जब तक पश्चिम एशिया का संकट समाप्त नहीं होता, तब तक जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों को लेकर स्पष्ट आकलन करना कठिन है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में मेमानी ने कहा, विभिन्न कीमत स्तरों और उनके भारत की वृद्धि पर अलग-अलग प्रभाव के पर्याप्त उदाहरण मौजूद हैं। पिछले 10-12 वर्षों में, बीच-बीच में कुछ अवधियों को छोड़कर, तेल की कीमतें सामान्य रूप से संतुलित रही हैं और इससे भारत को मजबूत आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है। अध्यक्ष ने कहा कि 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर की कोई भी कीमत आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगी, क्योंकि हम अभी तक अपनी मांग के ढांचे में पर्याप्त बदलाव नहीं कर पाए हैं।

चांदी 1,500 रुपए मजबूत सोना 300 रुपए फिसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को भी सोने पर दबाव बना रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और समग्र व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर इसके प्रभावों को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।'' गांधी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति ने ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति जारी रहने की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। गांधी ने कहा, ''अब जब यह संघर्ष अपने दसवें सप्ताह में है, तो बदलते व्यापक आर्थिक हालात के जवाब में निवेशक डॉलर और बॉन्ड को तरजीह दे रहे हैं, जबकि वे सोने से दूरी बनाए हुए हैं।

- चांदी बढ़कर 2.51 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम पहुंची

संघर्ष विराम को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ

ऑगमोंट की शोध प्रमुख, रेनीशा चेनानी ने कहा कि इस क्षेत्र में फिर से भड़की हिंसा ने चार सप्ताह से चल रहे संघर्ष-विराम के प्रयासों को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है।

जिंदल स्टेनलेस के लाभ में 41 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिंदल स्टेनलेस का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 41 प्रतिशत बढ़कर 834.21 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने कहा कि उसे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 589.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

चौथी तिमाही के दौरान, कंपनी की कुल आय बढ़कर 11,427.91 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 10,292.27 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्तवर्ष 2025-26 के लिए,

कंपनी का शुद्ध मुनाफा बढ़कर 3,184 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वर्ष 2024-25 में 2,499.72 करोड़ रुपये था। कुल आय मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान बढ़कर 43,306.14 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 39,603.06 करोड़ रुपये थी।

कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और रुपए में गिरावट से धारण प्रभावित

पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 252 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 86 अंक टूटकर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बढ़ता तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम पर दबाव घरेलू बाजार में गिरावट की मुख्य वजह रही। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों

पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 251.61 अंक गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 754.37 अंक लुढ़ककर 76,515.03 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में बढ़त दर्ज की गई।

रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आया

नायर ने कहा कि ऊंचे कच्चे तेल के दामों का दबाव बने रहने से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों ने उम्मीद से थोड़े बेहतर परिणामों ने कुछ सहारा दिया और चुनिंदा शेयरों में निचले स्तर पर खरीदारी देखी गई।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 48 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 48.5 प्रतिशत बढ़कर 5,259.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 3,541.85 करोड़ रुपये रहा था। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी तिमाही में

परिचालन आय 54,891.55 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 42,585.67 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल व्यय सालाना आधार पर 39,113.61 करोड़ रुपये से बढ़कर 49,615.48 करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.32 प्रतिशत बढ़कर 18,621.71 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2024-25 में 14,073.17 करोड़ रुपये था।

कच्चे तेल के महंगे होने से भारतीय तेल कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव : फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बने रहने और घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने की स्थिति में भारत की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इससे उनकी कमाई और नकदी प्रवाह भी प्रभावित होगा। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की ऊंची लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने पर तेल कंपनियों की कर-पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) तेजी से घट सकती है।

सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' ने जारी की रिपोर्ट

महंगे मेमोरी चिप्स से घट सकती है मोबाइल की आपूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेमोरी चिप्स की कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से इस साल भारत में स्मार्टफोन की आपूर्ति 10-12 प्रतिशत तक घट सकती है। बाजार शोध फर्म सीएमआर की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' रिपोर्ट के मुताबिक, देश के स्मार्टफोन बाजार में सालाना आधार पर आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरएएम और एनएएनडी फ्लैश जैसी मेमोरी की कीमतों में तेज वृद्धि से मोबाइल फोन की लागत बढ़ गई, जिससे कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ीं।

- कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से आपूर्ति 12 प्रतिशत घटने का अनुमान

एप्पल की आपूर्ति में छह फीसदी की वृद्धि: रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई और उसकी बाजार हिस्सेदारी नौ प्रतिशत रही। सीएमआर रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली तिमाही में शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से केवल वीवो और ओप्पो की आपूर्ति में क्रमशः एक प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वीवो 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर

वहीं सैमसंग, शिओमी और रियलमी की आपूर्ति में क्रमशः 8 प्रतिशत, 7 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन का स्मार्टफोन ब्रांड वीवो 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में शीर्ष पर रहा। इसके बाद सैमसंग (17 प्रतिशत), ओप्पो (14 प्रतिशत), शिओमी (12 प्रतिशत) और रियलमी (10 प्रतिशत) का स्थान रहा। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रांसियन और वनप्लस को सबसे अधिक नुकसान हुआ जिनकी आपूर्ति में क्रमशः 30 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। फीचर फोन खंड में चीन का ब्रांड आईटेल मोबाइल 35 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर रहा। हालांकि इसकी आपूर्ति में 26 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद लावा (34 प्रतिशत) और एचएमडी (18 प्रतिशत) का स्थान रहा।

उपभोक्ताओं ने फोन बदलने की योजना टाली

इसका असर खासकर कीमत के प्रति संवेदनशील उपभोक्ताओं पर पड़ा है और उन्होंने फोन बदलने की योजना टाल दी है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के उपाध्यक्ष (उद्योग शोध समूह) प्रभु राम ने कहा कि भारत में 2026 के दौरान स्मार्टफोन बाजार में गिरावट लागत बढ़ने के दबाव और सतर्क मांग दोनों का मिला-जुला असर दर्शाती है।

प्रीमियम वर्ग सुरक्षित बना हुआ

राम ने कहा, ''डीआरएएम और एनएएनडी मेमोरी की ऊंची कीमतों ने स्मार्टफोन की लागत बढ़ा दी है, जिससे आम उपभोक्ता वर्ग में खरीद क्षमता प्रभावित हुई है जबकि प्रीमियम वर्ग अपेक्षाकृत सुरक्षित बना हुआ है।'' उन्होंने कहा कि इससे किफायती और वैल्यू-फॉर-मनी श्रेणियों की आपूर्ति में इस साल 10-12 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण) संभाग क्रमांक-01, पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.), दूरभाष क्र. : 0755-2673196
E-mail : laghubpl01@gmail.com, laghubpl2@gmail.com
क्रमांक: लउनि/निर्माण/संभाग भोपाल/2026-27/361
भोपाल, दिनांक : 05.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं:- भोपाल संभाग क्र. 01, निविदा क्रमांक 53, **कार्य का नाम-** शासकीय आई.टी.आई. कैम्पस, गोविन्दपुरा, भोपाल जिला भोपाल के शासकीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संस्थान परिसर में विभिन्न सिविल एलाइड, रिनोवेशन एवं फर्नीशिंग कार्य, **अनुमानित लागत राशि रु. 231.13 लाख।** भोपाल संभाग क्र. 02, निविदा क्रमांक 42, **कार्य का नाम-** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जिला-पांढुर्ना, नरसिंहपुर, मण्डला एवं मण्डीदीप (रायसेन) के कार्यालय भवन में फर्नीचर प्रदाय कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 54,49,180.00। निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेंगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/125634/2026 महाप्रबंधक (सं./नि.)

चिंतन

ममता इस्तीफा दे देतीं तो गरिमा बनी रहती

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सीएम पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। ऐसा करके उन्होंने अपनी गरिमा को ही कम किया है। हालांकि तकनीकी रूप से उनके इस्तीफा देने या न देने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अब ममता केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए ही यह सारा नाटक कर रही हैं, जो उन्हें शोभा नहीं देता। वास्तविकता यह है कि अगर उन्होंने अपने शासनकाल में जनता की समस्याओं के हल करने और सुविधाएं देने में दिलचस्पी दिखाई होती तो आज उन्हें इस तरह से हार का सामना न करना पड़ता। लोकतंत्र में हार-जीत होती रहती है। विजय को नम्रता और हार को बड़प्पन के साथ स्वीकार करने से व्यक्ति की गरिमा और विश्वास बना रहता है और यही भारतीय राजनीति की पहचान रही है। ममता पहले भी विपक्ष में रहते हुए आक्रामकता के लिए जानी जाती रही हैं, लेकिन चुनाव में हार पर उनकी आक्रामता राज्य के लोगों का अपमान है। हार के लिए केंद्र सरकार, एसआईआर, चुनाव आयोग और अर्धसैनिक बलों को दोषी ठहराया जाना सरासर गलत है। ममता ने ऐसा करने के बजाय उन लोगों पर अंकुश लगाया होता जो प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ रहे थे, महिलाओं की आबरू के साथ खिलवाड़ कर रहे थे और तमाम सरकारी योजनाओं के लिए कमीशन (कट मनी) वसूल रहे थे तो उनके साथ ऐसा नहीं होता। इस बार चुनाव के दौरान हिंसा न के बराबर रही। इसलिए यह कहना कि चुनाव में गड़बड़ी हुई, नितांत हास्यास्पद है। जहां तक एसआईआर का सवाल है तो वह बंगाल में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ही हुई है। ममता ने खुद एसआईआर को लेकर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके बाद खुद सुप्रीम कोर्ट को एसआईआर पूरा करवाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी। बता दें कि पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। ममता की टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। मंगलवार को कोलकाता में ममता ने आरोप लगाए कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं, इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। अब ममता विपक्ष को एकजुट करके अपनी राजनीति चला सकती हैं, लेकिन फिलहाल उनकी पश्चिम बंगाल से विदाई हो चुकी है और ममता इसे बड़प्पन के साथ स्वीकार करें और गरिमामय तरीके से कार्यालय छोड़ दें। कुल मिलाकर लोकतंत्र में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन उसे स्वीकार करने का तरीका ही किसी नेता की असली पहचान तय करता है। नैतिक जिम्मेदारी और राजनीतिक परिपक्वता अधिक महत्वपूर्ण होती है। गरिमा बनाए रखने के लिए संतुलित प्रतिक्रिया और आत्ममंथन जरूरी है। आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति सुधरती नहीं, बल्कि जनविश्वास कमजोर होता है। ऐसे समय में शांत, जिम्मेदार और सकारात्मक रुख अपनाना ही बेहतर नेतृत्व का संकेत होता है, जो भविष्य की राजनीति के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है।

चुनाव परिणाम
विकेश कुमार बडोला

तुष्टिकरण की विदाई, राष्ट्रवाद का उदय

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। बंगाल में कुल 293 में से 206 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा, 81 में तृणमूल, 2 में कांग्रेस, 2 में वामदल, 2 में अन्य विजयी हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा बहुमत के लिए आवश्यक 147 से कहीं अधिक निर्वाचन-क्षेत्र जीतकर सत्तारूढ़ होने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने निर्वाचन-क्षेत्र में पराजित हुईं। उनके पूर्व सहयोगी एवं अब भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज चुनाव आयोग व केंद्रीय शासन के प्रयासों द्वारा राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है। भाजपा की ही राजनीतिक दृष्टि के साथ असम के चुनावी परिणाम देखें तो असम के कुल 126 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा 102 पर, कांग्रेस 21 पर एवं अन्य 3 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा ने बहुमत की संख्या 64 से कहीं अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त की है। पुडुचेरी के कुल 30 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ 18 पर, कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 6 पर तथा अन्य 6 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा के बहुमत की संख्या 16 से दो क्षेत्रों में आगे रही। भगवा रंग में रंगे पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा के मत प्रतिशत को देखें तो यह क्रमशः 45.84, 37.81 व 12.19 प्रतिशत रहा।

यद्यपि असम में भाजपा को अकेले ही बहुमत के आंकड़े से अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई, तथापि वह राजनीतिक गठबंधन के धर्म का पालन करते हुए अपने सहयोगियों के साथ निरंतर तीसरी बार शासन की स्थापना करेगी। यह अत्यंत विचारणीय एवं प्रशंसनीय तथ्य है। जहां पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा शासन पर विराजमान होगी, वहीं दक्षिण भारतीय राज्यों तमिलनाडु एवं केरल में से अभी केवल केरल में ही सत्तारूढ़ होने वाले दलों की स्थिति स्पष्ट है। यहां कांग्रेस अपने सहयोगी गठबंधन यूडीएफ के साथ सत्तासीन होने जा रही है। राज्य के कुल 140 निर्वाचन-क्षेत्रों में से कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन को 99 पर, सत्तारूढ़ एलडीएफ को 35 पर, भाजपा एवं अन्य दलों को 3-3 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई है। यहां बहुमत के लिए आवश्यक 71 अंकों के आधार पर कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन सत्ताधारण करेगा। तमिलनाडु के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित रहे। सत्तारूढ़ डीएमके को कुल 234 निर्वाचन-क्षेत्रों में से मात्र 65 पर विजय प्राप्त हुई, जबकि दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय का नवगठित राजनीतिक दल तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) 107 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है, जो बहुमत के 118 अंकों से 11 कम है।

एआईएडीएमके, जो भाजपा का सहयोगी राजनीतिक गठबंधन है, वह 51 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है। अन्य दलों को 11 क्षेत्रों में जीत मिली है। तमिलनाडु के संदर्भ में विचारणीय यह होगा कि टीवीके किसके समर्थन द्वारा सत्तारूढ़ होगा अथवा यह किसका समर्थन लेकर शासन स्थापना की दिशा में आगे बढ़ेगा। तमिलनाडु में 234 में से केवल 1 निर्वाचन-क्षेत्र में ही भाजपा विजय प्राप्त कर सकी है, जबकि 2021 में भाजपा यहां 4 क्षेत्रों में विजयी हुई थी। यहां भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 2.1 से 3 प्रतिशत के बीच रहा। इसके विपरीत, केरल में कुल 140 में से 3 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा विजयी हुई। यहां भाजपा का मत प्रतिशत 11.42 प्रतिशत रहा। तमिलनाडु की तुलना में केरल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कई अर्थों में अभूतपूर्व रहे। प्रथम तो यही है कि बड़े राज्यों, पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु की जनता ने वर्षों से सत्तारूढ़ रहे राजनीतिक दलों व इनके नेतृत्वकर्ताओं पर अविश्वास प्रदर्शित करते हुए उन्हें सत्ताच्युत कर दिया। इन दोनों ही राज्यों में हिंदू कारक महत्वपूर्ण रहा। जहां बंगाल में तृणमूल की ममता ने हिंदुओं की कीमत पर मुस्लिमों के तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी थी, वहीं तमिलनाडु में स्टालिन ने हिंदुओं व हिंदू धर्म के अपमान का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा था। इसकी परिणति यह रही कि आज जनता ने न केवल इन मुख्यमंत्रियों के राजनीतिक दलों, अपितु दोनों मुख्यमंत्रियों को भी पराजित करने के लिए मतदान किया है। यदि समग्रता में देखें तो लोकतांत्रिक चुनाव की इस प्रक्रिया में हिंदुओं के भीतर सुलगती रही अपमान की लहर ने दक्षिण से लेकर पूर्वोत्तर तक स्थापित राजनीतिक शक्तियों को बुरी तरह धराशायी कर दिया है। विजयी राजनीतिक दल, उनके नेता तथा केंद्र में प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री एवं अन्य नेता तक, यह कदापि न भूलें कि चुनाव आयोग को स्वतंत्रतापूर्वक अपनी लोकतांत्रिक शक्तियों के साथ कार्य करने देने के परिणामस्वरूप ही आज बंगाल में वामपंथ व तृणमूल के कुशासन तथा तमिलनाडु, असम व पुडुचेरी में द्रविड़ों एवं कांग्रेसियों की बहुविध तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती राजनीति का पतन हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व एसआईआर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण का जो अस्त्र चुनाव आयोग ने प्रयोग किया था, वह इस बार पश्चिम बंगाल में भी अपने लक्ष्य को भेदने में पूर्णतः सफल रहा। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में सत्तारूढ़ होने जा रही भाजपा को शासन चलाते समय इस बिंदु को अवश्य ध्यान में रखना होगा कि उनकी सत्ताप्राप्ति का माध्यम घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई का उनका वचन था, जिसका राजनीतिक व शासकीय पालन अब हर हाल में भाजपा को करना ही होगा। पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में सर्वथा क्रांतिकारी ढंग से तथा बहुसंख्यक हिंदुओं के हित में शासकीय निर्णय लिए जाने की अति आवश्यकता है, यह बात भाजपा के शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक कार्यरत नेताओं व कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलनी है। यह जनादेश केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं, बल्कि उस छद्म धर्मनिरपेक्षता की पराजय है, जिसने सदैव बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक संवेदनाओं को हाशिए पर रखा। यह राजनीतिक उथल-पुथल प्रमाणित करती है कि लोकनिष्ठा को खंडित कर सत्ता का संचालन अब संभव नहीं। भारतीय मतदाता अब तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती नीतियों और हिंदू धर्मदर्शन के अपमान को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। विजयी दलों के लिए यह अवसर आत्ममुग्धता का नहीं, बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करने का है जो उन्होंने घुसपैठ और सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के लिए किए हैं। अंततः, यह लोकतंत्र की वह नूतन स्थापना है जहां राष्ट्र प्रथम का विचार ही सर्वोपरि है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है।

मंथन

डॉ. नीलू तिवारी

पैरानॉयड डिसऑर्डर : खामोश संकेत और बड़ा खतरा

कभी-कभी एक खबर सिर्फ सूचना नहीं होती, बल्कि समाज के भीतर छिपी किसी गहरी दरार को उजागर कर देती है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में घटी वह घटना जहां एक पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी, ऐसी ही एक सच्चाई को सामने लाती है। जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी पर शक करता था, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल "शक" था या फिर एक ऐसी मानसिक अवस्था जिसे हमने समय रहते पहचाना ही नहीं? हम आज भी भावनात्मक असुरक्षा और मानसिक बीमारी के बीच के अंतर को समझने में चूक रहे हैं। पैरानॉयड डिसऑर्डर केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति का मन धीरे-धीरे अपने ही बनाए संदेहों की कैद में बंद हो जाता है। उसे हर चेहरा संदिग्ध लगता है, हर व्यवहार में धोखा दिखाई देता है और हर रिश्ता असुरक्षित प्रतीत होता है। यह केवल सोच नहीं बल्कि एक विकृत यथार्थ है, जिसमें व्यक्ति जीने लगता है। ऐसे में उसके निर्णय तर्क से नहीं, बल्कि डर और भ्रम से संचालित होते हैं और यही स्थिति कभी-कभी त्रासदी का रूप ले लेती है। पैरानॉयड डिसऑर्डर की एक बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति खुद को बीमार नहीं मानता। उसे लगता है कि उसकी सोच सही है और बाकी लोग गलत हैं। यही कारण है कि वह इलाज से बचता है और परिवार भी कई बार इसे "जिद" या "स्वभाव" समझकर नजरअंदाज कर देता है। धीरे-धीरे यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पुरुषों में यह विकार अक्सर अधिकार और नियंत्रण के रूप में सामने आता है। पत्नी की स्वतंत्रता, उसकी बातचीत, उसके संबंध हर चीज पर संदेह करना, धीरे-धीरे एक आदत नहीं बल्कि मानसिक जकड़न बन जाता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है जब समाज इस व्यवहार को "सामान्य" या "पुरुष स्वभाव" कहकर स्वीकार कर लेता है। यही सामाजिक स्वीकृति इस विकार को पहचानने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उत्तर प्रदेश की घटना इसी अनदेखी का चरम परिणाम है, जहां शक ने संवेदना को निगल लिया।

महिलाओं के संदर्भ में भी यह समस्या कम गंभीर नहीं है। कई बार महिलाएं भी पैरानॉयड सोच का शिकार हो जाती हैं, जहां वे अपने पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर बिना कारण संदेह करने लगती हैं। पोस्टपार्टम साइकोसिस जैसी अवस्था में कुछ महिलाओं में पैरानॉयड विचार विकसित हो सकते हैं। उन्हें लग सकता है कि कोई उनके बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा या परिवार उनके खिलाफ साजिश कर रहा है। इस मानसिक भ्रम के कारण वे असामान्य और कभी-कभी खतरनाक व्यवहार कर सकती हैं। देश और दुनिया में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मानसिक असंतुलन के कारण मां ने अपने ही बच्चे को नुकसान पहुँचाया। हालिया रिपोर्ट बताती है कि शहरी भारत में पुरुषों द्वारा मानसिक हेल्पलाइन पर कॉल करने की संख्या में 126% की वृद्धि हुई है, लेकिन फिर भी कुल मदद लेने वालों में उनकी हिस्सेदारी कम है। यानी समस्या मौजूद है पर उसे स्वीकार करने में झिझक अब भी बनी हुई है। महिलाओं की स्थिति भी अलग नहीं है, बल्कि कई मामलों में और जटिल है। आंकड़े बताते हैं कि मानसिक विकारों विशेषकर डिप्रेशन और एंग्जायटी की दर महिलाओं में पुरुषों से अधिक पाई जाती है। यहां इस लेख की सबसे बड़ी प्रासंगिकता सामने आती है। हम आज भी शक और मानसिक बीमारी के बीच का फर्क समझने में चूक रहे हैं। हम "शक" को एक सामान्य भावना मानकर नजरअंदाज कर देते हैं जबकि कई बार यह एक गंभीर मानसिक विकार का संकेत होता है। यही अनदेखी धीरे-धीरे समस्या को गहरा करती है और अंततः किसी बड़ी त्रासदी का कारण बनती है। लोग आज भी मनोचिकित्सक के पास जाने से डरते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तो मानसिक बीमारी को कई बार अंधविश्वास या "किस्मत" से जोड़ दिया जाता है। यही सोच लोगों को सही इलाज से दूर रखती है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी भी एक चुनौती है। अगर हम समय रहते मानसिक समस्याओं को नहीं समझेंगे तो इसके परिणाम बेहद खतरनाक हो सकते हैं। अंततः यह समझना जरूरी है कि जब मन बीमार होता है, तो उसका असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज को प्रभावित करता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने आसपास के लोगों के मन को समझने की कोशिश करें। उनके व्यवहार के पीछे छिपे संकेतों को पहचानें और सबसे बढ़कर एक ऐसा समाज बनाएं, जहां विश्वास, संवाद और मानसिक स्वास्थ्य को बराबर महत्व मिले। दरअसल, जब मन संतुलित होता है, तो रिश्ते सुरक्षित रहते हैं और जब मन संदेह में डूब जाता है तो सबसे मजबूत रिश्ते भी टूट जाते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं

संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान

संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

अंतर्मन

आज की पाती

दुनिया में गर्मी का बढ़ता संकट

दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है-खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या में लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरों में कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

- कमलेश कुमारी, करनाल

ट्रेंड

हम यूएई के साथ

यूएई पर हुए हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है।

-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

जनादेश की चोरी

कांग्रेस के कुछ लोग और अन्य टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। उन्हें यह बात समझनी चाहिए - असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

नारी शक्ति का अपमान

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले नेताओं, विरोध करने वाली पार्टियों को आज उनकी औकात दिखा दी गई है। डीएमके के स्टालिन हों, ममता बनर्जी हों या अरविंद केजरीवाल। नारी शक्ति का अपमान करने वाला हर व्यक्ति आज जवाब देने में असमर्थ है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र विरोधी ताकतें

आज मैंने पंजाब के विधायकों से बातचीत की। आम आदमी पार्टी राष्ट्रहित में लोकतंत्र विरोधी ताकतों को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजाब की जनता आगामी चुनावों में भाजपा के अश्वमेध घोड़े को रोकेगी और लोकतंत्र की विजय सुनिश्चित करेगी।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

महिला संरा प्रमुख चुनी जाती है तो 'बेहद खुशी' होगी : चीन

चीन ने संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के लिए किसी महिला की नियुक्ति का यह कहते हुए खुलकर समर्थन किया कि अगर इस बार कोई महिला इस शीर्ष पद पर आसीन होती है तो उसे ''बेहद खुशी' होगी।

संयुक्त राष्ट्र के 80 साल के इतिहास में अभी तक कोई महिला इस पद पर नहीं पहुंच सकी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत फू कोंग ने सोमवार को कहा, 'हम किसी महिला को महासचिव के रूप में देखकर बहुत खुश होंगे। 80 साल हो गए हैं-अगर इस बार कोई महिला महासचिव बन सकती है तो चीन इसका स्वागत करेगा।' संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पद की दौड़ में दो महिलाओं समेत अभी चार उम्मीदवार हैं। पहली महिला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बेशेलेट और दूसरी महिला संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिन्सपान हैं। पुरुष उम्मीदवारों में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सॉल शामिल हैं। पिछले महीने चारों उम्मीदवारों ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और नागरिक संगठनों के सामने अपना-अपना दृष्टिकोण रखा और यह भी बताया कि वे इस शीर्ष पद के लिए सबसे उपयुक्त क्यों हैं।

ऑफ बीट

क्या परीक्षा प्रणाली बच्चों को कौशल सीखने से रोक रही

दुनिया भर में, खासकर अफ्रीका में, शिक्षा प्रणालियां ऐसे पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रही हैं जो रटने की बजाय आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान जैसे कौशल विकसित करने पर जोर देते हैं। योग्यता-आधारित यानी कॉम्पीटेन्सी बेस्ड पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्र में रखना है। इनका लक्ष्य छात्रों को एक तेजी से बदलती दुनिया के लिए तैयार करना है, जहां सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि व्यक्ति कितनी जल्दी खुद को ढाल सकता है, सोच सकता है और जटिल समस्याओं को हल कर सकता है। पारंपरिक पाठ्यक्रमों के विपरीत, जो अक्सर तथ्यों को याद करने और विषयवस्तु को पूरा करने पर जोर देते हैं, ये नए पाठ्यक्रम इस बात पर केंद्रित हैं कि छात्र जो सीखते हैं उसे वास्तविक जीवन में कैसे लागू करते हैं। उदाहरण के लिए, केवल वैज्ञानिक परिभाषा याद करने के बजाय छात्रों से यह पूछा जा सकता है कि वे किसी अवधारणा का उपयोग करके यह समझाएं कि बीमारियां कैसे फैलती हैं। हालांकि इस बदलाव पर चर्चा में अक्सर शिक्षकों की तैयारी, संसाधनों की कमी और पाठ्यक्रम के सही क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों पर ध्यान दिया जाता है लेकिन ये सभी कारण पूरी तस्वीर नहीं बताते।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

ऋषिका त्रिपाठी ने 12वीं कॉमर्स में रचा इतिहास

पन्ना। ऋषिका बृजेशकुमार त्रिपाठी ने गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कॉमर्स परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल (च्च्) हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। वह आशादीप विद्यालय, सूरत की छात्रा हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार, समाज और क्षेत्र में खुशी की लहर है। जारी अंकसूची के अनुसार ऋषिका ने कुल 700 में से 675 अंक प्राप्त कर ।1 ग्रेड हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन भी बेहद शानदार रहाकृअंग्रेजी में 94, अर्थशास्त्र में 99, संगठन एवं प्रबंधन में 96, सांख्यिकी में 100, लेखा के तत्वों में 99 तथा सेकरेटेरियल प्रैक्टिस में 95 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें मेधावी छात्रों की श्रेणी में अग्रणी स्थान दिलाया है। मूल रूप से पन्ना धाम से संबंध रखने वाली ऋषिका वर्तमान में सूरत में निवासरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पन्ना के धामी समाज के प्रबुद्धजन, परिजन और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है। उनकी माता राजश्री त्रिपाठी ने बताया कि ऋषिका शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और अनुशासित रही हैं। उनकी इस सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऋषिका आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं और अपने सपनों को साकार करें।<

आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर जनसुनवाई में लगाए आवेदन की आपत्ति प्रस्तुत

पन्ना। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका भर्ती में कल्पना मुड़हा पति कुम्हार लूनिया निवासी ग्राम ककरहा पोस्ट गिरवारा तहसील देवेन्द्रनगर ग्राम पंचायत सिलगी का है जो अपने आप में स्थाई निवासी बताते है वहीं 29 जून 2025 को आंगनवाड़ी सहायका भर्ती को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था वहीं जो अंतिम चयन सूची जारी हुई उसमें नाम न होने से अन्याय पूर्ण रूप से सूची से वंचित करने का आरोप लगाया तथा अपनी आपत्ती जनसुनवाई में कलेक्टर पन्ना को आवेदन के माध्यम से आपत्ती व्यक्त की है जिसमें आरोप लगाया चयनित आवेदिका को लेकर ग्राम क्षेत्र के वार्ड की निवासी नहीं जबकि नियमानुसार उसी ग्राम व वार्ड की निवासी को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। इस तरह से आंगनवाड़ी सहायका के पद पर जो प्रक्रिया की गई है उसकी निष्पक्ष जांच कराकर कलेक्टर पन्ना से न्याय की मांग की है। देखना यह है कि आखिर इस मामले में जनसुनवाई में दियसे गये आवेदन पर आवेदिका को क्या मिलता है न्याय।

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों ने बढ़ाया व्यवसायियों का टेंशन

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में एक हजार रुपए की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों पर एक बार फिर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने 19 किलो ग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एक साथ एक हजार रुपए की रिकॉर्ड वृद्धि की है, जिससे छोटे व्यवसायियों और होटल संचालकों में चिंता बढ़ गई है। हटा में पटेल गैस एजेंसी के मैनेजर दिनेश पटेल ने बताया कि नई दरों के अनुसार, 19 किलो वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर अब 3335 रुपए का हो गया है, जो पहले 2335 रुपए में उपलब्ध था। इसी तरह 5 किलोग्राम वाले छोटे कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में भी 261 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। कीमतों में इस भारी उछाल के पीछे पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। लेकिन इसका सीधा असर स्थानीय स्तर पर छोटे व्यवसायियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ना तय माना जा रहा है। नगर के चाय नाश्ता दुकानदारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर पहले से ही मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है, और अब इतनी बड़ी मूल्य वृद्धि ने उनके व्यवसाय पर सीधा असर डाला है। उनका कहना है कि बढ़ी हुई लागत के चलते उन्हें अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिससे ग्राहकों की संख्या कम हो सकती है और बिक्री प्रभावित होगी। इसी तरह होटल और ढाबा संचालकों ने भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस वर्ष यह तीसरी बार है जब कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं।

पहले हुई मामूली बढ़ोतरी को उन्होंने नजरअंदाज करते हुए अपने खाने-पीने के सामान के दाम स्थिर रखे थे, लेकिन इस बार 1000 रुपए की भारी वृद्धि के बाद कीमतें बढ़ाना अब अपरिहार्य हो गया है। होटल संचालकों के अनुसार, आने वाले दिनों में चाय, नाश्ता, भोजन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा, जिससे महंगाई और अधिक बढ़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक ऊर्जा संकट और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां इसी तरह बनी रहती हैं, तो आने वाले समय में ईंधन और गैस की कीमतों में और भी उतार-चढ़ाव संभव है। फिलहाल, कमर्शियल गैस सिलेंडर की इस भारी वृद्धि ने स्थानीय बाजार में चिंता और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है।

श्रीमद भागवत कथा के सप्तम दिवस सुदामा चरित्र सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए: पं वीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी की पावन धरा पर ब्राह्मण धर्मशाला में अतुल पन्या भरत पन्या के पूज्य माता-पिता श्रीमती विमला परसोत्तम पन्या परिवार द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमत श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने कथा में बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कोई ग्रंथ नहीं है यह परब्रह्म परमात्मा का अक्षर रूप है। यह हमारे हृदय में भक्ति का जागरण कर हमें मुक्ति का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण का मूल विषय ही भक्ति है। इसी मार्ग को अपनाकर हम चौरासी के बंधन से मुक्त हो सकते हैं। भागवत कथा भक्त और भगवान की कथा है। भक्ति मार्ग और उससे मिलने वाले पुण्य फल मनुष्य को धर्म आस्था और आध्यात्मिकता से जोड़ते हैं। कथा के प्रताप से ही राजा परीक्षित को सातवें दिन ही मोक्ष मिला। भागवत कथा सुनने से ही पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

सुदामा चरित्र पर बोलते हुए कथा वाचक ने कहा कि सुदामा जी निर्धन थे लेकिन दरिद्र नहीं। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट व्यक्ति दरिद्र होता है जबकि सुदामा जी एक संतुष्ट ब्राह्मण थे। उन्होने कथा में मौजूद श्रद्धालुओं को समझाया कि भगवान की कृपा पाने के लिए हृदय का निर्मल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास आ सकते थे लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। शास्त्री जी ने परीक्षित मोक्ष के साथ सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया। कथा के अंत में भगवान कृष्ण राधा के गीतों पर जमकर फूलों की होली खेली गई जिस पर उपस्थित श्रोताओं महिलाओं बच्चों द्वारा सुन्दर नृत्य कर आनंद लिया।

कथा समापन के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश पुरानी नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, राजीव मोहन पांडे, थाना प्रभारी सुधीर बैगी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सराफ, पार्षद देवेंद्र राय, रीतेश फौजदार, सुनील राय समाजसेवी, रेंजर ऋषि तिवारी सहित नगर व क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रोताओं, रिश्तेदारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

विश्वास और प्रेम ही मित्रता का सच्चा स्वरूप : पं. आशीष कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

समीपस्थ ग्राम हरदुआ मानगढ़ में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर भक्ति, ज्ञान और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान कथावाचक पं. आशीष कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के अनुपम प्रेम व मित्रता का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता दृढ़ता, प्रेम और परस्पर विश्वास की प्रतिमूर्ति होती है। सुदामा जी ने अपने संपूर्ण जीवनकाल में भगवान श्रीकृष्ण से कभी कोई अपेक्षा नहीं रखी। अत्यंत गरीबी और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने मित्र और ईश्वर पर अटूट विश्वास बनाए रखा। पं. शास्त्री ने वर्तमान समय का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के परिवेश में लोग छोटी-छोटी समस्याओं में ही धैर्य खो देते हैं और भगवान पर से विश्वास डगमगा जाता है, जबकि हमें सुदामा जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने इष्ट और सच्चे मित्र पर विश्वास बनाए रखें, एक दिन परिस्थितियां अवश्य अनुकूल होती हैं — जैसा कि सुदामा जी के जीवन में हुआ। उन्होंने आगे बताया कि अंततः भगवान श्रीकृष्ण जैसे सच्चे मित्र की कृपा से सुदामा जी को तीनों लोकों के समान वैभव की प्राप्ति हुई। सुदामा चरित्र के पश्चात पं. शास्त्री ने 24 गुरुओं का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान दत्तात्रेय ने प्रकृति और जीवन से जो भी शिक्षा मिली, उसे ही अपना गुरु मानकर आत्मसात किया। कथा के समापन अवसर पर राजा परीक्षित के मोक्ष, मार्कंडेय ऋषि को प्रलय दर्शन जैसे प्रसंगों का भी वर्णन किया गया, जिसके पश्चात कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर मुख्य यजमान सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा की अनुपम छटा बिखरी रही।

फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवक के नाम ठगी का प्रयास

तेंदूखेड़ा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने एवं धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक आकाश साहू, निवासी वार्ड क्रमांक 08, विद्यानगर तेंदूखेड़ा द्वारा थाना तेंदूखेड़ा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत में बताया गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम एवं फोटो का दुरुपयोग करते हुए इंस्टाग्राम पर एक फर्जी आईडी बनाई गई है। उक्त आईडी के माध्यम से उनके परिचितों एवं अन्य लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की जा रही है। इस कृत्य से न केवल उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि लोगों के साथ ठगी होने की संभावना भी बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा शिकायत पर संज्ञान लिया गया है तथा प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित फर्जी आईडी की तकनीकी जांच कर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही साइबर सेल की मदद से उक्त आईडी को शीघ्र हटवाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्राप्त संदिग्ध मैसेज या पैसों की मांग पर तुरंत विश्वास न करें तथा किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क कर पुष्टि अवश्य करें।

कृष्ण जन्म प्रसंग ने बनवार में जगाया भक्ति का अद्भुत प्रकाश

बनवार। समीपी ग्राम लड़ाई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रहा। कथा के दौरान कथावाचक पं. उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं सजीव वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण आनंद के सागर हैं और जब-जब धर्म की हानि होती है, तब वे इस धरा पर अवतार लेकर अधर्म का नाश करते हैं। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के अवतरण के समय कारागार के सभी पहरेदार गहरी नींद में सो गए, माता देवकी और वासुदेव की बेड़ियां स्वतः टूट गईं और चारों ओर दिव्य प्रकाश एवं अलौकिक आनंद का वातावरण छा गया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव मंचन भी किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का दृश्य प्रस्तुत हुआ, पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। पं. शास्त्री ने आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भक्तवत्सल हैं और उन्होंने संसार को असुरों के अत्याचार से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया। उन्होंने कथा के पूर्व भरत प्रसंग का उल्लेख करते हुए अहंकार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बनता है, इसलिए जीवन में सदैव विनम्रता और सरलता बनाए रखना आवश्यक है। अहंकारी व्यक्ति को प्रभु की भक्ति प्राप्त नहीं होती, जबकि विनम्र और श्रद्धालु हृदय पर ही ईश्वर की कृपा बरसती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा कथा स्थल भक्ति रस में डूबा नजर आया और श्रद्धालु देर तक भजन-कीर्तन एवं कथा श्रवण में लीन रहे। वातावरण में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सुपरवाइजर सर्किल 28 ग्रामीण दमोह के सभी प्रगणकों द्वारा जनगणना कार्य प्रारंभ

दमोह। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण के कार्यक्रम मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के अंतर्गत सुपरवाइजर सर्किल 28 अभाना के पर्यवेक्षक मोहन राय ने बताया कि उनकी सर्कल के सभी 6 प्रगणकों द्वारा एचएलबी क्रमांक 139, 140, 141, 142 ,143 एवं 144 के सभी प्रगणकों मनीष कुमार मेहरा, रामकिशोर प्रजापति, लक्खू यादव, विजेंद्र ठाकुर, सुशील श्रीवास्तव एवं अनूप रोहित द्वारा एचएलओ एप से के माध्यम से मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, सभी भवनों में नंबरिंग का कार्य पूर्ण करने के उपरांत मकान की गणना का कार्य मोबाइल के माध्यम से जारी है। सभी प्रगणकों को उनकी किट, परिचय पत्र ,आदेश, मार्कर पेन आदि सभी सामग्री उपलब्ध करा दी गई है।

पन्ना से अमानगंज-सिमरिया मार्ग जर्जर हालात में

मरहम पट्टी कर गिट्टी डस्ट डालकर चल रही लीपा पोती, रोज वाहन से गिरकर लहूलुहान हो रहे राहगीर, शासन प्रशासन मौन

पन्ना।

अमानगंज से सिमरिया को जोड़ने वाला स्टेट हाईवै भ-49 इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हालात ऐसे हैं मानो सड़क खुद बीमार होकर स्ट्रेचर पर पड़ी हो और उसकी मरहम-पट्टी केवल गिट्टी और डस्ट डालकर की जा रही हो। प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े दावे खोखले होते जा रहे हैं, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। जहां अमानगंज से सिमरिया स्टेट हाईवे जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुका है, हालात जर्जर और दयनीय हो चुकी है। रोड पर इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि छोटे मोटे वाहन आधे धंस सकते हैं, पन्ना-दमोह मार्ग का पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण कार्य वर्ष 2020 से 2022 के बीच मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में किया गया था, उस समय के अनुसार सड़क का निर्माण परिवहन की क्षमता अनुरूप किया गया था लेकिन कुछ ही वर्षों में सड़क की हालत फिर से जर्जर हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारी भरकम ओवरलोड वाहन, खासकर जेके सीमेंट प्लांट से जुड़े ट्रांसपोर्ट, इस सड़क को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षमता से अधिक भार ढोने वाले ट्राले और डंपर लगातार सड़क की परतें उधेड़ रहे हैं, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। स्थिति यह है कि छोटे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए इस मार्ग पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं। दुर्घटनाओं की आशंका हर समय बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि अब तक इस गंभीर समस्या पर मौन हैं। ठेकेदारों द्वारा केवल औपचारिकता निभाते हुए गिट्टी और डस्ट डालकर मरहम पट्टी कर मरमत की जा रही है, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाती है।

केंद्रीय विद्यालय हटा में हुआ विद्या प्रवेश कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

केंद्रीय विद्यालय हटा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विद्याप्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा एक के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की संस्कृति तथा शिक्षण व्यवस्था से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रितेश कुमार पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक एवं कागज के मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। प्राथमिक शिक्षक शिवमकांत मिश्रा ने विद्याप्रवेश की अवधारणा एवं महत्व पर प्रकाश डाला। प्राथमिक शिक्षिकाए श्रीमती मानसी श्रीवास्तव एवं श्रीमती अंबिका शाक्य ने बच्चों को सहज वातावरण प्रदान करते हुए परिचयात्मक गतिविधियां कराईं। संगीत शिक्षक नवल किशोर मिश्र ने स्वागत गीत एवं संगीतात्मक प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाया।

कला शिक्षक सूर्यकांत भोई द्वारा मंच सज्जा एवं अन्य कलात्मक गतिविधियों में महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। प्राचार्य रितेश कुमार पटेल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन सचिन उपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

बरगी क्रूज घटना को लेकर युवा कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

दमोह। ग्राम नोहटा में युवा कांग्रेस द्वारा बरगी डैम में हुई हृदयविदारक घटना को लेकर श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दुखद हादसे में दिवंगत हुए मासूम लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया। कार्यक्रम में यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ष्यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है, जिसके जिम्मेदार पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी है, जिन्होंने रिश्वत लेकर बैन क्रूज भी चलने दिए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन विभाग के दिलीप कुमार यादव को हादसे का प्रमुख जिम्मेदार ठहराया और दोनों के इस्तीफे की मांग की। दमोह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी ने कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाये उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण कैडल मार्च में भी जरूरत से ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया जिसमें 4 अलग अलग थाना प्रभारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, इसके पीछे उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की तानाशाही बताई। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना अवंति बाई लोधी की मूर्ति के पास बने प्रांगण से होनी थी लेकिन पूर्व मे ही वहाँ पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर दी गई थी। मूर्ति पर माल्यार्पण करने से भी रोका गया था लेकिन दृगपाल सिंह लोधी ने बताया कि यहां पुलिस प्रशासन ने मंत्री जी का आदेश न मानकर स्वविवेक से निर्णय लिया और युवा कांग्रेसियों को माल्यार्पण करने दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने तख्तियाँ भी छीनी जिसमें मंत्री धर्मेंद्र सिंह इस्तीफा दो रिश्वतखोर मंत्री, मौत का सौदागर वांटेड जैसे नारे लिखें थे। युवा कांग्रेस ने मृतको को एक एक करोड़ रूपये, परिजनों को सरकारी नौकरी, एवं पर्यटन मंत्री और डव को बर्खास्त एवं दोनों पर हत्या के मुकदमे की मांग की। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल लोधी, राव लाखन सिंह, राजा भैया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर, गोविन्द तिवारी, अरुण दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रजक, ब्लॉक अध्यक्ष ओपी शर्मा, वीर लोधी, राजा खान, धन सींग गोंड, सचिन तिवारी, अखिलेश सोनी, धर्मेंद्र गोलू तिवारी, श्रीकांत पोर्ते, पूरन लोधी, प्रवीण राय, मोतीलाल यादव मनीष राज, नीलेश लोधी, खुमान सिंह, रवि सोनी, दुर्गेश नामदेव, राघवेंद्र लोधी, शिवम विश्वकर्मा, विनोद सैनी, लकी जैन, खेर सिंह, शंकर सिंह, नवीन सिंघई, इसराइल खान, नरेंद्र प्रताप, वीर पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्राप्त होता है सुलभ व शीघ्र न्याय : प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ ही विद्युत चोरी एवं नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रि-लिटिगेषन प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश/ प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी सहित जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, जिला अभियंता एमएल साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सुभाष सोलंकी ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 09 मई 2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से लोक अदालत के लाभ एवं विभागों द्वारा प्रदान की जा रही छूट की जानकारी आमजन तक पहुंचाये जाने हेतु आज प्रचार वाहन रवाना किये गये हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत का प्रचार करेगें जिससे जन समुदाय अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 20 खंडपीठों का गठन किया गया है। उक्त खंडपीठे पक्षकारों को समझाइस देकर प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रेरित करेंगी।

इस अवसर पर कमलेश भारद्वाज, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में न कोई जीतता है न कोई हारता है अर्थात दोनो पक्षों की जीत होती है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिवक्ताओं का सदैव की भांति इस बार भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

सैकड़ों पेड़ गिरे जगह-जगह बिजली की मैन लाइन-केबल टूटी

भीषण आंधी तूफान बारिश ने सिहोरा-खितौला में मचाई तबाही

सिहोरा।

शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी और तूफान बारिस शुरू हो गई देखते ही देखते सैकड़ों विशाल पेड़ भरभरा कर गिर गये, जिससे अफरा-तफरी मच गई हादसे में अनेक लोग मामूली रुप से घायल हो गए जिनको अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां सभी का उपचार जारी है। नगर पालिका सहित पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का अमला मैदान में डटा है। सड़क पर खड़े छोटे वाहन भी हवा में उड़कर दूर गिरे।इसके साथ ही घरों में लगे टीन के सेड के साथ अनेक दुकानों के सटर बीच से फट गई।

मौके पर पहुंचा नगर पालिका विद्युत मण्डल का अमला

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम दौरान अचानक मौसम ने करवट ली जिससे अफरा-तफरी मच गई पुरे क्षेत्र की आपुर्ती पुरी तरह ठप्प हो गई कुछ ही पल में तेज आंधी इतनी विकराल हो गई कि सैकड़ों पेड़ भर भराकर गिर गये। नगर पालिका का अमला जे सी वी मशीन से मुख्य मार्ग पर गिरे पेड़ों को अलग कर यातायात सुचारु करने में जुटा है वही विधुत मण्डल का अमला डी ई अमित विश्वकर्मा के साथ विद्युत लाइन के सुधार में लगा है

जियो वीपी पम्प की गिरी केनोपी

तुफान वारिस से बचने एंव पेट्रोल डीजल लेने लोग पेट्रोल पम्प के शेड के नीचे खड़े थे अचानक आये तुफान के कारण केन ओ पी बीच का सेड गिरने से अनेक वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कुछ लोग घायल हो गये।इसी प्रकार खितौला मुख्य मार्ग से गुजर रहे आटो के उपर युके लिपटिश का पेड़ गिरने से घन्टो मार्ग अवरूद्ध रहा। हालांकि सवारी बाल बाल बच गई।विद्युत मण्डल में जामुन का पेड़ गिरने से लोग शिकायत कक्ष तक नहीं पहुंच पा रहे।

विद्युत आपूर्ति ठप्प

तुफान के चलते मैन लाईनों खम्भे पर गिरे पेड़ों के कारण पुरे क्षेत्र की विद्युत आपुर्ती ठप्प हो गई है अधिक्षण यन्त्री अमित विश्वकर्मा दल वल के साथ विद्युत लाइनों को दूरस्त करने में जुटे हैं नगर के फीडरों से जुड़े कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। तेज हवाओं के कारण कई बिजली के पोल टूटकर गिर गए जिससे कई इलाकों में अंधेरा छा गया।

पर्यावरण संगोष्ठी: स्वच्छ शहर बनाने का लिया संकल्प

जबलपुर। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सदस्यों ने शहर को प्रदूषण मुक्त और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने पर विशेष जोर दिया गया तथा महिलाओं ने अनोखे गेम के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। संगोष्ठी में उपस्थित सदस्यों ने अपनी-अपनी कॉलोनियों के साथ पूरे शहर को स्वच्छ रखने का प्रण लिया और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मनोरंजक गतिविधियों का भी आनंद लिया।

कार्यक्रम का संयोजन कौशलेन्द्र महाजन तथा संचालन राजीव चौकसे ने किया। इस अवसर पर रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, कौशलेन्द्र-कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, केएस-रेखा राय, राजकुमार-अर्चना जायसवाल, संतोष-ज्योति जायसवाल, देवेंद्र-आशा चौकसे, राजेश-अर्चना जायसवाल, आनंद-नीता महाजन, नीरज-कविता चौकसे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

सिंगाजी ताप विद्युत गृह में आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म शुरू, फ्लाई ऐश प्रबंधन को मिलेगा बढ़ावा

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन और परिवहन के लिए आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। यह पहल नरेंद्र मोदी की पीएम गतिशक्ति परियोजना के तहत की गई है। 630 मीटर लंबे इस प्लेटफॉर्म का निर्माण करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसके माध्यम से फ्लाई ऐश का परिवहन अब विशेष कंटेनरों और अत्याधुनिक मशीनों से किया जाएगा, जिससे लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, तेज और पर्यावरण अनुकूल बनेगी। पहले फ्लाई ऐश का परिवहन सड़क मार्ग और पारंपरिक रेलवे रैक के जरिए किया जाता था, जिससे प्रदूषण की संभावना अधिक रहती थी। नई व्यवस्था से इन समस्याओं का समाधान होगा और प्रदूषण में कमी आएगी। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म परिचालन दक्षता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण और लागत प्रभावशीलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कंपनी द्वारा यह पहल लॉजिस्टिक्स सुधार, अवसंरचना सुदृढ़ीकरण और फ्लाई ऐश के बेहतर उपयोग की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

वंदेमातरम राष्ट्र गौरव नेतृत्व सम्मान 8 मई को

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय वंदेमातरम मंच द्वारा "वंदेमातरम राष्ट्र गौरव नेतृत्व सम्मान" समारोह का आयोजन 8 मई 2026, शुक्रवार को सायं 5 बजे साहित्य परिसर, कचनार सिटी में किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद नयन (संस्थापक अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रसंग संस्था) को उनके प्रेरणादायी और नेतृत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कीर्ति अभिलाष पांडे उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने शहर के गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

महापौर की समीक्षा बैठक: स्वच्छता, जल आपूर्ति और जल निकासी को लेकर हुए अहम फैसले

जबलपुर। शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और आने वाले ग्रीष्म व वर्षा ऋतु की चुनौतियों से निपटने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने स्वास्थ्य एवं जल विभाग की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में नाइट स्वीपिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों, सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य अधिकारी को फील्ड में भेजकर आकस्मिक जांच कराने के निर्देश दिए गए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अगले माह 80 नई सीएनजी कचरा गाड़ियां जोड़ी जाएंगी तथा सफाई मित्रों और मशीनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। गर्मी के मौसम में जल संकट से बचाव के लिए पाइपलाइन विस्तार, बोरिंग कार्यों को समय पर पूरा करने, जल टंकियों को पूर्ण क्षमता से भरने और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या रोकने के लिए शहर के सभी नालों की सफाई के साथ ओमती नाला और मोती नाला का विस्तार किया जाएगा। वर्षाजल निकासी में बाधा बनने वाले नालों पर हुए अतिक्रमणों को भी हटाया जाएगा। महापौर ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जल संकट और जलप्लावन की समस्या में काफी कमी आई है और इस वर्ष पहले से बेहतर तैयारी कर नागरिकों को राहत दी जाएगी। बैठक में निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भजन गायिका शहनाज अख्तर ने 21 गरीब कन्याओं का विवाह कराया

जबलपुर। शहर में भजन गायिका शहनाज अख्तर के द्वारा मंगलवार को अधारताल स्थित गोकुलधाम मैरिज गार्डन में 21 गरीब कन्याओं का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया। शहनाज अख्तर ने वर वधू को गृहस्थी का समान दिया और साधु संत महात्माओं ने दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शहनाज ने बताया कि माता रानी के जागरण के दौरान जो पैसा या धन मिलता है उसे धर्म के काम में लगाना पुण्य का काम कहलाता है, भजन गायिका शहनाज ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे शुभ और पुण्य कार्य वह करती रहेगी।

सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें : डीईओ

निजी विद्यालयों की बैठक में निर्देश

जबलपुर। जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर घनश्याम सोनी के निर्देशन में आज संस्कृति थियेटर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल, जबलपुर में सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विद्यालयों में स्वच्छता, गुणवत्ता शिक्षा, छात्रहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के सुव्यवस्थित प्रबंधन को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से विद्यालयों को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत परिसर की स्वच्छता बनाए रखने, नामांकन वृद्धि हेतु सक्रिय प्रयास करने, पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य रूप से लागू करने तथा पानी की टंकियों की नियमित सफाई को डब्ल्यूओडब्ल्यू ऐप के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय उक्त बिंदुओं पर समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आयोजित बैठकों में संबंधित प्राचार्य की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होगी एवं किसी भी प्रकार का प्रतिनिधित्व स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक के दौरान जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, बीआरसी राजेंद्र उपाध्याय, बीआरसी आशीष श्रीवास्तव, बीएसी अजय रजक, आलोक शर्मा, प्राचार्य प्रकाश पालीवाल, जी.पी. झारिया, प्रवीण झरिया सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।

बंगाल में भाजपा की जीत पर भेड़ाघाट में मना जश्न

भेड़ाघाट। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत, विशेषकर बंगाल में सफलता के बाद भेड़ाघाट क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विघासागर दुबे, जिला महामंत्री ओमनारायण दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी को भी हार्दिक बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के विश्वास की जीत बताया।

नाम सुधार सूचना

में तूबा खान (Tooba Khan) पिता रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan)1150 डॉ भण्डारी अस्पताल के पास नेपियर टाउन जबलपुर की निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम Tooba Khan है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Tuba Khan अंकित हो चुका है जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और मार्कशीट मेरा नाम Tooba Khan हैं, मेरे नवीन पासपोर्ट में तूबा खान (Tooba Khan) लिखा एवं पढ़ा जाये।

नाम सुधार सूचना

में रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) पिता अब्दुल कादिर खान 1150 डॉ भण्डारी अस्पताल के पास नेपियर टाउन जबलपुर का निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम रईस उर रहमान खान (Raees Ur Rehman Khan) अंकित हो चुका है जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) हैं, मेरे नवीन पासपोर्ट में रईसुर रहमान खान लिखा एवं पढ़ा जाये ।

श्री सुरिन्दर सिंह पांधे- हाथीताल गुरूवारा कम्पाउंड निवासी श्री हरदेव सिंह पांधे के भ्राता एवं मिंकू व टिंकू सिंह पांधे के पिता श्री सुरिन्दर सिंह पांधे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती दीप्ति खंपरिया- जगदम्बा कॉलोनी अहिंसा चौक के पास निवासी श्री दीप कुमार खंपरिया की धर्मपत्नी श्रीमती दीप्ति खंपरिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिव कुमार गुप्ता- सरकारी कुआं प्रेमसागर रोड घमापुर निवासी श्री शिव कुमार गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रवींद्र कुमार सोनी- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री रवींद्र कुमार सोनी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कृष्ण मोहन तिवारी- गली नं. 5, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री कृष्ण मोहन तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

श्री लखन सिंह ठाकुर- नक्षत्र नगर कटंगी रोड निवासी श्री लखन सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विशाल चौधरी- शंकर चौक बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री मनोहर चौधरी के पुत्र श्री विशाल चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री छोटे लाल कुशवाहा- फारेस्ट कॉलोनी पोलीपाथर निवासी श्री छोटे लाल कुशवाहा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उर्मिला बेन- सेवक की दुकान के पीछे आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती माया बाई रैकवार- शास्त्री विहार कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री काशी प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई रैकवार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रज्जो बाई सोनकर- राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री शंकर सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रज्जो बाई सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री उमेश कुमार खटीक- मुड़वारा कटनी निवासी श्री मुन्ना लाल खटीक के पुत्र श्री उमेश कुमार खटीक (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री परम लाल सेन- बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री परम लाल सेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

श्री तमारू दास भार्वे- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री तमारू दास भार्वे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विक्रम समुंद्रे- बेलबाग पुलिस क्वाटर्स के पीछे निवासी श्री मदन लाल समुंद्रे के पुत्र श्री विक्रम समुंद्रे (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अब मात्र 40/- प्रति कॉलम से.मी.

फिक्स साइज:-	8x4 से.मी.	ब्लैक&व्हाईट	300/-
फिक्स साइज:-	8x4 से.मी.	रंगीन	400/-
फिक्स साइज	8x8 से.मी.	रंगीन	1100/-

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

चुनाव समिति से निरस्त नामांकनों पर पुनर्विचार करने की मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनावों को लेकर मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसोसिएशन के सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश भर के लगभग 18 जिलों एवं 9 तहसील बार संघों के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित वकीलों ने चुनाव में 12 प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म असंवैधानिक तरीके से निरस्त किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने एकमत होकर इस निर्णय की निंदा की और चुनाव समिति से इन नामांकनों पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है।बैठक में मतदाता सूची की विसंगतियों पर भी चर्चा की गई। परितोष त्रिवेदी के अनुसार, प्रदेश भर में लगभग 40 से 50 हजार अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित किया है कि हर वैध मतदाता को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए और किसी भी तकनीकी कारण से उन्हें इससे वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में पारित प्रस्ताव की प्रति शीघ्र ही मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपी जाएगी, जिसमें चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची में सुधार के लिए पुनर्विचार का निवेदन किया जाएगा। हाईकोर्ट बार

नाम सुधार सूचना

में अमान उर रहमान खान (Amaan Ur Rahman Khan) पिता रईसुर रहमान खान (Raeesur Rahman Khan) 1150 डॉ भण्डारी अस्पताल के पास नेपियर टाउन जबलपुर की निवासी हूँ मेरा वास्तविक नाम अमान उर रहमान खान (Amaan Ur Rahman Khan) है परंतु पूर्व में जारी पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Aman Ur Rahman Khan अंकित हो चुका है जो की गलत है मेरे आधार कार्ड और मार्कशीट मेरा नाम (Amaan Ur Rahman Khan) हैं, मेरे नवीन पासपोर्ट में (Amaan Ur Rahman Khan) लिखा एवं पढ़ा जाये ।

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/251/अ-6/2026-27

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मधुमिता मुखर्जी पति श्री सुबीर मुखर्जी नि.- 4557/2 इस्ट घमापुर जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.- 26 प्लाट नं.-3/20 रकवा-551 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-551 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-16/05/2005 मृत्यु दिनांक-25/12/2016, 20/09/2022, 22/09/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-26 प्लाट नं.-3/20 रकवा-551 व.फु.हे. / ग्राम-सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-551 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/04/2026
पेशी दिनांक-18/05/2026

मुद्रा तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/248/अ-6/2026-27

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमा पति स्व. करमचन्द नि.-समदड़िया काम्पलेक्स के सामने जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- रकवा-1500 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-292/1, 302/2, 303, 304, 305/1 एवं 299/3 रकवा-1500 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-01/05/1986 मृत्यु दिनांक-21/07/2015 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- रकवा-1500 व.फु.हे. / ग्राम-भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-292/1, 302/2, 303, 304, 305/1 एवं 299/3 रकवा-1500 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/04/2026
पेशी दिनांक-18/05/2026

मुद्रा तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

इंदौर में 'ऑर्बोसिस स्टार्टअप अवॉर्ड्स 2026' 50 विजनरी फाउंडर्स का हुआ सम्मान

इंदौर। शहर में आयोजित 'ऑर्बोसिस स्टार्टअप अवॉर्ड्स 2026' में 50 उभरते स्टार्टअप फाउंडर्स को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में 100 से अधिक स्टार्टअप्स ने 'रैंप वॉक रनवे' के अनोखे कॉन्सेप्ट के जरिए अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का नेतृत्व ऑर्बोसिस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर प्रभात अग्रवाल ने किया, जबकि पूजा मोगल, ऋतु अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और शुभम पाटीदार ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एआईएस सिग्नेचर ने ऑफिशियल पावर पार्टनर के रूप में सहयोग दिया। कार्यक्रम में पीआर 24x7 के साथ आयोजित टॉक शो आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें नेहा गौर, नरेंद्र सेन (नीवक्लाउड, रैकबैंक), पुष्पेंद्र अग्रवाल (वियासॉकेट, वॉकओवर) और हिमांशु चतुर्वेदी (मोशनजिलिटी) ने परसेप्शन बिल्डिंग और ब्रांड प्रेजेंस पर विचार साझा किए। नेहा गौर ने कहा कि स्टार्टअप की कहानी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है और पब्लिक रिलेशंस भरोसा बनाने की नींव है। सम्मानित फाउंडर्स में रोशन कुशवाहा (इंश्योर मार्केटिंग सॉल्यूशन), शुभम पाटीदार (ऑर्बोटॉक्स), आशीष गुप्ता (ऑर्बोसिस रियलिटी), वैभव मेहरोत्रा (वैभव परफ्यूमरी), पूजा विश्वकर्मा (गीता की रसोई), दीपक पंचाल (एट्जियन टेक्नोलॉजीज), भरत राठौड़ (गेटजी), निहित सबलोक (भोजनकार्ट), हेमंत पवार (एमपी

सेलेब्रिटीज), प्रकाश अग्रवाल (घरतकसेवा), अमित चावला (अल्फाग्रोथविलेज), सोहम शर्मा (बॉटमार्ट्ज आईटी), अभिषेक उपाध्याय (एयू प्रोडक्शन), रोशन भारद्वाज (गुरु प्रगति), पुष्पेंद्र व करुणा सिंह राजपूत (स्वर्णिक स्टूडियो), गौरव फांसे (जिटा टेक्नोलॉजी), यशराज गायकवाड़ (राइट ईट), प्रतीक पंडित (एआईएस सिग्नेचर), डॉ. रितेश अग्रवाल (मेडीलैब्स), अक्षय शेलट (डोमिगो), तुषार मोहबे व राहुल साहू (जस्टर्फ स्पोर्ट्स), प्रबल जैन (इंदौरी आर्टिस्ट), पंकज सूर्य (काम मिलेगा), रुचि वर्मा (आध्या ऑर्बोटेक), विपुल जैन (विपुलांचल वेल्थ मैनेजमेंट), अनुज भटनागर (डीजलॉग डिलीवरी), मोहित शर्मा (फिक्सपॉइंट), प्रशांत पटेल (आस्मो डिजिटल), मनीष यादव (दबंग दुनिया), जयेश कुमार गुलाटी (मिस्टिक मंत्रा पिक्चर्स), शुभम परमार (कोराज), अमित अग्रवाल (ऑर्गेनिक स्किन), रितेश जायसवाल (स्टेवरस), पूजा पडियार (पीनॉक्स सॉल्यूशंस), काशिश व पुलकित जायसवाल (ब्लूओशन बिल्डिंग सॉल्यूशन), श्रेयांश जैन (व्हाइट कॉलर), नरेंद्र पिपलीवाल व आलोक जांगिड़ (त्रिनेत्रम नेक्स्टजेन), कृष्णा धाकड़ व उमंग अग्रवाल (ब्रांड्स ऑन ट्रेंड), उत्कर्ष चौरसिया (ब्लैक लियो वेंचर्स), आनंद शर्मा (ऑर्बोएविएशन), अंशुमन उपाध्याय (टिकट बुक करो), साशी ससपुटे (एनजीओ महासंग), अमन जगताप (रेयर फ्लोरिंग्स), अविधा चतुर्वेदी (पेपरटू प्लांट), अमित केवलरामानी (शॉपहोल इंडिया गिफ्ट्स), ईशान मिश्रा (मेधावी इनोवेशन) और श्री शर्मा (शाइनविदश्री) शामिल रहे। प्रभात अग्रवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्टार्टअप्स को पहचान और मंच प्रदान करना है, जिससे इंदौर को इनोवेशन हब के रूप में स्थापित किया जा सके।

कार्यक्रम में डॉ. आशीष अग्रवाल और डॉ. प्रकाश कुमार

भू-राजनीतिक तनावों के चलते ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाएं लगातार हो रही बाधित

एजेंसी ▶▶ पुणे

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी यानी (एमआईटी-डब्लूपीयू) के वार्षिक भू-तापीय सम्मेलन मैग्मा 2026 में विशेषज्ञों ने कहाकि वैश्विक ऊर्जा अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के चलते ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाएं लगातार बाधित हो रही हैं। ऐसे में भारत को भू-तापीय ऊर्जा और प्राकृतिक हाइड्रोजन जैसे उभरते संसाधनों में निवेश तेज करके अपने ऊर्जा मिश्रण को और विविध बनाना होगा। भू-तापीय ऊर्जा की खोज और उत्पादन पर केंद्रित इस पांच दिवसीय विशेष कार्यशाला में दुनियाभर के 16 से अधिक संगठनों की भागीदारी रही। इनमें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आईआईटी, आईआईएसईआर, सीडैक, सीएसआईआर की प्रयोगशालाएं, हैलिबर्टन, सीएमजी, बीसिप-फ्रैनलैब, एपेक्स वेल्स और ब्लैक रिवर जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां तथा सेरोस एनर्जी, थर्मैक्स और निश्रा एनर्जी जैसी भारतीय कंपनियां और पुणे के कई विश्वविद्यालय शामिल थे। कार्यक्रम में सेरोस एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ डॉ. आशीष अग्रवाल कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भू-तापीय ऊर्जा का विकास बेहद जरूरी है और सेरोस इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विश्व प्रसिद्ध भूभौतिकी विद और राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. प्रकाश कुमार ने बताया कि उन्नत भूभौतिकी और भूवैज्ञानिक तरीकों के एकीकृत नतीजे बहुत अधिक सटीकता के साथ भू-तापीय संभावनाओं की पहचान करने में सक्षम हैं।

पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

Cate-gory	Catalogue No.	Lot No.	Assets Details	Auction Start	Auction End
पार्किंग	JBP-Parking-26B	Parking-JBP-KMZ-MX-64-26-3 (Parking Mixed)	कटनी मुडवारा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिए.	13.05.2026 12:30 Hrs.	13.05.2026 13:00 Hrs.
पार्किंग	JBP-Parking-26B	Parking-JBP-KTE-MX-26-26-2 (Parking Mixed)	कटनी अप साइड स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिए.	13.05.2026 13:00 Hrs.	13.05.2026 13:10 Hrs.

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय श्यामनानी, निवासीः** म. नं. 321, हेमू कलानी, माधव नगर वार्ड, एमईएस कॉलोनी, मुड़वारा, मध्य प्रदेश ने मुकदमा **CC No. 834/2021 U/s 138 NI Act, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय श्यामनानी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय श्यामनानी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC No. 834/2021 U/s 138 NI Act, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय श्यामनानी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंगल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-06 (पश्चिम)
कमरा नं. 355, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5735/WD/2026
(Court Matter)

लेहर फुटवियर ने किया 5 गुना क्षमता विस्तार

जयपुर। लेहर फुटवियर्स लिमिटेड ने हरियाणा के कुंडली में एक नई, बड़े पैमाने की विनिर्माण इकाई जोड़कर अपनी उत्पादन क्षमता के बड़े विस्तार की घोषणा की है। इसका उद्देश्य तेजी से बढ़ते एथलीजर और स्पोर्ट्स फुटवियर सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। यह सुविधा मुख्य रूप से स्पोर्ट्स शूज़ और संबंधित उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित होगी, जिससे कंपनी की क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी और उच्च-मूल्य उत्पाद श्रेणियों की ओर उसके रणनीतिक बदलाव को और मजबूती मिलेगी। इस विस्तार के तहत, कंपनी ने प्रस्तावित सुविधा के लिए किराया समझौता किया है।

युद्ध की गर्मी का असरः सरिया-सीमेंट के दामों में उछाल, निर्माण लागत बढ़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर निर्माण क्षेत्र पर पड़ा है, जिससे सरिया और सीमेंट की कीमतों में भारी उछाल आया है। अतः यह महंगाई घर बनाने वालों के बजट को बिगाड़ रही है। भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष बलदेव खेमानी के अनुसार बाजार में सरिया (स्टील रॉड) की कीमतें जहां पहले लगभग 55,000 रुपए प्रति टन थीं, वहीं अब बढ़कर करीब 63,000 रुपए प्रति टन तक पहुंच गई हैं। यानी प्रति टन करीब 8,000 रुपए की वृद्धि ने निर्माण लागत को काफी प्रभावित किया है। वहीं, सीमेंट की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। पहले 300 रुपए के दाम में मिलने वाली एक बोरी अब 330 रुपए तक पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं से लेकर बिल्डर्स तक सभी को चिंता में डाल दिया है। लोहा-सीमेंट व्यवसायी शैलेंद्र गुप्ता के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों का असर अब आम लोगों की जेब पर भी साफ दिखाई देने लगा है। निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली प्रमुख सामग्री सरिया और सीमेंट के दामों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहाकि युद्ध के कारण कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और ट्रांसपोर्टेशन लागत भी बढ़ी है, जिसका सीधा असर निर्माण सामग्री की कीमतों पर पड़ रहा है। इस महंगाई के चलते जहां नए निर्माण कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, वहीं पहले से चल रहे प्रोजेक्ट्स की लागत भी बढ़ने की संभावना है। व्यसायी शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सीमेंट की बोरियां पेट्रोकेमिकल उत्पाद से बनती हैं।

आवश्यकता

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /17/मई 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO- 130 DATE - 05/05/2026 2026_UAD_503477_1	संभाग क्रमांक 12 पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत मछली मार्केट में चेंबर, ग्रिल, पेंट, शटर पेंट, शटर मरम्मत, दीवाल मरम्मत एवं अन्य आवश्यक कार्य।	03 माह / 6.49 लाख	2000/- / 6499/-	22/05/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबरः-07162-222346
ई-मेलः- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईटः- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/613/लोनिवि/नपानि/2026-27 // निविदा सूचना// छिन्दवाड़ा दिनांक 05/05/2026

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_505102_1 Dated 06/05/2026	वार्ड क्रमांक 42 में नाथनी जी के घर से राय जी के घर तक नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य	1-544363 / 2- 2 माह	1- 2000 / 2- 5444	20/05/26

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या /09 / ई-टेंडरिंग / 2026-27 बालाघाट, दिनांक 24-04-2026

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सामग्री का विवरण	कार्य की मात्रा	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	Electrical Materials for Construction and Maintenance Work (Detail Items List Attach with Tender Document)	आवश्यकतानुसार	36000	1000/- Tax extra

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 27-04-2026, बजे 11:00 अट से दिनांक 11-05-2026, बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 06-05-2026 समय 03:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है।
- ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

G-12455/26

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट

E Auction Sale Notice under IBC, 2016
M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation
CIN : U13100MH2010PTC263990
Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz **M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation ('Corporate Debtor')**, through e-auction on **"as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis"**. Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider eBKray **(website: https://ibbi.baanknet.com).**
The bidding shall take place through online e-auction service provider **eBKray.**

Amount in Rs.

Sr. No.	Description of Asset	Date and Time of auction	Reserve Price	EMD	Bid Incremental Value
1	Industrial Land & Building Standing on - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India	27th May 2026. 11.00 A.M. to 01.00 P.M	96,00,000	9,60,000	50,000

Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document: 25th May 2026
Date of Inspection: Till 22nd May 2026 with prior intimation to the liquidator.
Last date of submission of EMD: 25th May 2026 till 6.00 P.M.
Terms & Conditions of the sale is as under:
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on "AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com)
2. Contact person on behalf of Liquidator: Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at https://ibbi.baanknet.com
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the https://ibbi.baanknet.com portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

CMA Srigini Rajat Naidu,
Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)
IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513

Date: 06/05/2026
Place: Nagpur

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6217



बाएँ से दाएँ
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

ऊपर से नीचे
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली -6216 का हल

	भ	स्मा	सु	र		दा	न	वी	र	
नौ			ब	स		न	ग			म
ज	प		ह	म	ला	व	र		म	ल
बा	र				न				न	म
न	व	जा	त		त		अ	न	मो	ल
	र		ह	रा	म	खो	र		ह	
अ	दि	क्षी	त		ला		ज	मा	न	त
स	गा				म			सिं	ह	
मा	र		क	म	त	र	ता		ह	ल
न			मा	ही		ज	ड़			का
	म	स	ल	न		क	ना	ग	त	

सूडोकु नवताल - 6227

★☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6226 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।

सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।

कैटी : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

टेयाना टेलर : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

बियान्से : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

रिहाना : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

किम कार्दशियन : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

डोएची : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

मैडोना : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।

जेनेल मोने : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।

हॉलीवुड मसाला

फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज़ अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज़ ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।

क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।

इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

मुंबई। करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।

धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

नई दिल्ली। सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

टीवी मसाला

राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

नई दिल्ली। मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

नई दिल्ली। टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।

विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

मुंबई। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से

श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।

4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

मुंबई। 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को

रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।

धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।

लुक्खे सीरीज

वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

डकैत

सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

लव इंश्योरेंस कंपनी

यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

वाझा 2

मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	9	6	2	13
बेंगलुरु	9	6	3	12
हैदराबाद	10	6	4	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	10	6	4	12
चेन्नई	9	4	5	8
दिल्ली	9	4	5	8
कोलकाता	9	3	5	7
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	9	2	7	4

ऑरेंज कैप

अभिषेक शर्मा
440 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

मेंस टी20 रैंकिंग : मजबूती के साथ 'नंबर-1' पर भारत

एजेंसी ▶▶| दुबई

तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था।

साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने कहा, 'नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत भार दिया गया है।'

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर

275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत

आईसीसी ने कहा, '275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।' दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं।

शीर्ष सात टीम में कोई बदलाव नहीं

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं।

विमेंस टी20 रैंकिंग : शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, भारत तीसरे पायेदान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से जारी ताजा टी20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शीर्ष पायदान पर अपनी पकड़ और मजबूत बना ली है। अपडेटेड रैंकिंग में, मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा वेटेज (100 प्रतिशत) दिया गया है, जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को 50 प्रतिशत वेटेज मिला है। इस रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 287 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर है। इस टीम को दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर 12 प्वाइंट्स की बढ़त हासिल है, जबकि भारत 264 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर मजबूती से बना हुआ है।

चामरी ने की शानदार बढ़त हासिल

दुबई। श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू ने हालिया शानदार प्रदर्शन के साथ आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग में शानदार बढ़त हासिल की है। अटापट्टू को टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा मिला है, जबकि ऑलराउंडर्स की सूची में उन्होंने 2 स्थानों की छलांग लगाई है। चामरी अटापट्टू को बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की 3-0 की शानदार जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। इस अनुभवी खिलाड़ी ने तीन पारियों में कुल 115 रन बनाने के अलावा, चार विकेट भी लिए थे। इस हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चामरी 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, ऑलराउंडर्स की सूची में भी उन्होंने तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। इसी के साथ अटापट्टू ने भारत की दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर को पछाड़ दिया है। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में अब उनसे आगे सिर्फ न्यूजीलैंड की कप्तान एमी केर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ही हैं।

खबर संक्षेप

छोटा प्रारुप खेल को गति की ओर ले जाएगा: चिराग

नई दिल्ली। शीर्ष पुरुष युगल खिलाड़ी चिराग शेट्टी ने कहा कि बैडमिंटन का नया 15 अंक का प्रारुप पारंपरिक 21 अंक के प्रारुप से बहुत अधिक अलग नहीं है। पारंपरिक प्रारुप में खिलाड़ियों की सहनशक्ति की परीक्षा होती थी

और यह पूर्ण चुनौती पेश करता था लेकिन चिराग ने स्वीकार किया कि छोटा प्रारुप खेल को गति और ताकत की ओर ले अधिक ले जाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने हाल ही में डेनमार्क में अपनी सालाना आम बैठक में 15 अंक के तीन गेम के प्रारुप को अपनाने की स्वीकृति दे दी। इस प्रस्ताव को डाले गए वोटों में से जरूरी दो-तिहाई बहुमत मिल गया। नया 15 अंक का तीन गेम का प्रारुप 4 जनवरी 2027 से लागू होगा और इसे भारत के पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

कप्तानी करना आसान नहीं : लैंगर

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपए की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। एलएसजी ने पंत को मोटी धनराशि में अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लैंगर ने कहा, ' मुझे नहीं लगता कि इसका किसी तरह की धनराशि से कोई संबंध है। कप्तान का पद संभालना आसान नहीं होता है और उन पर काफी दबाव रहता है। वह लगातार अपनी तरफ से अच्छा प्रयास कर रहा है और कड़ी मेहनत कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'जब हम उसे मुस्कुराते हुए और जोशीले अंदाज में खेलते हुए देखते हैं तो हमें बहुत अच्छा लगता है। वह फॉर्म में वापसी करने से ज्यादा दूर नहीं है।' लैंगर ने कहा कि पंत चुनौतियों का डटकर सामना करते रहेंगे।

आज शाम 7.30 बजे से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहम मुकाबला

लड़खड़ाते पंजाब को पकड़नी होगी लय

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी। लगातार 6 मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी।

पंजाब किंग्स भले ही 9 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं।

किंग्स की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी लड़खड़ाई

बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इन मैचों में उसकी गेंदबाजी की कमियों पर किसी का खास ध्यान नहीं गया। शुरुआती दौर में लय बनाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लड़खड़ा गए हैं। प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की युवा तिकड़ी की आक्रामक रणनीति लापरवाही में बदल गई है। इससे टीम को शुरुआती झटके सहने पड़े और मध्य क्रम को पारी संभालने की जिम्मेदारी उठानी पड़ी।

मध्य क्रम के बल्लेबाज नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन

पंजाब किंग्स का मध्य क्रम भी चोटी के बल्लेबाजों की नाकामी के बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया जबकि पूरे टूर्नामेंट के दौरान उसकी गेंदबाजी बहुत अच्छी नहीं रही है। यहां तक कि पंजाब किंग्स जब जीत दर्ज कर रहा था तब भी उसके गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को बीच-बीच में खुलकर रन बनाने दिए हैं। यही नहीं उसकी गेंदबाजी में महत्वपूर्ण मौकों पर अनुशासन की कमी के कारण अच्छा अंत करना लगातार एक समस्या बनी हुई है।

हार से उबरने के लिए बेताब सनराइजर्स

तीसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से सात विकेट से मिली हार से उबरने के लिए बेताब होगी। इस हार से उसकी लगातार 5 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया। इससे पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका भी गंवा दिया था। उस मैच में ट्रैविस हेड और ईशान किशन को छोड़कर बाकी बल्लेबाज नहीं चल पाए।

सनराइजर्स की बल्लेबाजी बेहद मजबूत

सनराइजर्स की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है, जिसमें हेड और किशन के अलावा अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन जैसे धुरंधर बल्लेबाज शामिल हैं। कप्तान कमिंस की वापसी से सनराइजर्स की गेंदबाजी को मजबूती मिली है। उसके तेज गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

तीरंदाजी विश्व कप

देवताले का शानदार प्रदर्शन शीर्ष तीन में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| शंघाई

पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया।

अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर

महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज से सात अंक पीछे रहीं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रगति 697 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रही, जबकि कई बार विश्व कप जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम 21वें स्थान पर खिसक गईं। इन तीनों खिलाड़ियों के कुल स्कोर को मिलाकर भारत को महिला टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शीर्ष तीन स्थानों पर रहे।

सबालेंका ने की ग्रैंड स्लैम की कमाई में खिलाड़ियों को अधिक हिस्सा नहीं मिलने पर बहिष्कार की मांग

हमारे बिना न तो टूर्नामेंट होगा और न ही मनोरंजन : सबालेंका

एजेंसी ▶▶| रोम

शीर्ष रैंकिंग वाली महिला एकल खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि अगर टेनिस खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की कमाई में अधिक हिस्सा मिलना शुरू नहीं होता तो उन्हें बहिष्कार करना चाहिए। सबालेंका और उनके साथी नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर उन बड़े खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने सोमवार को एक बयान जारी कर फ्रेंच ओपन की इनामी राशि पर 'गहरी निराशा' जाहिर की।

मंगलवार को सबालेंका ने कहा, 'हमारे बिना ना तो कोई टूर्नामेंट होगा और ना ही कोई मनोरंजन। मुझे लगता है कि हमें निश्चित रूप से कमाई का अधिक प्रतिशत मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा, ' मुझे लगता है कि किसी ना किसी मोड़ पर हम इसका बहिष्कार करेंगे। मुझे लगता है कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा।'

खिलाड़ी कर रहे चार ग्रैंड स्लैम में सुविधा की मांग

खिलाड़ी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिका ओपन से बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य सुविधाएं और पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वे कुल इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रहे हैं, जिससे कुल राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (7 करोड़ 21 लाख डॉलर) हो जाएगी। यह राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है।

एशिया कप से पहले भारतीय हॉकी टीम जाएंगी ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| भोपाल

भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीम एशिया कप की तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक यहां 4 मैचों की श्रृंखला खेलेंगी।

यह श्रृंखला इस महीने के आखिर में जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के केंद्र में 19 अप्रैल से अभ्यास शिविर भी लगाया गया था।

हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण

पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, 'इस शिविर के दौरान मुख्य ध्यान सभी विभागों में खिलाड़ियों के बुनियादी कौशल और क्षमता को मजबूत करने पर रहा है, ताकि वे आधुनिक हॉकी की जरूरतों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।'

प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट

मैनचेस्टर सिटी की जीत का सिलसिला टूटा, खेला ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

जेरेमी डोकु के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रॉ खेला, जिससे प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की स्थिति मजबूत हो गई।

इस ड्रॉ के साथ सिटी का लगातार तीन जीत का सिलसिला टूट गया और वह अब आर्सेनल से पांच अंक पीछे हो गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 और सिटी के 34 मैच में 71 अंक हैं।

परिणाम निराशाजनक : डोकु

डोकु ने मैच के बाद कहा,' यह परिणाम निराशाजनक है लेकिन अभी काफी मैच खेले जाने हैं और कुछ भी हो सकता है। आज हमने दो अंक गंवा दिए, लेकिन हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।' डोकु ने 43वें मिनट में सिटी के लिए पहला गोल किया था जबकि एर्लिंग हॉलैंड ने 83वें मिनट में दूसरा गोल दागा। एवर्टन की तरफ से थिएर्नो बैरी ने दो (68वें और 81वें मिनट) और जैक ओब्रायन (73वें) ने एक गोल किया। इससे पहले चेल्सी को प्रीमियर लीग में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। नॉटिंघम फॉरेस्ट से 3-1 से हारने के बाद चैंपियंस लीग में क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं।

सेविला ने रियल सोसिएदाद को हराया, सांचेज ने दागा निर्णायक गोल

सेविला। रियल सोसिएदाद को सेविला एफसी के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे हाफ की शुरुआत में एलेक्सिस का एक गोल निर्णायक साबित हुआ। इससे टक्सुरी उर्दिन के पास पांचवां स्थान हासिल करने का बहुत कम मौका बचा। रियल ने अच्छी शुरुआत की लेकिन मौकों को गोल में बदल पाने में सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ की शुरुआत रियल सोसिएदाद के लिए एक अच्छे मौके के साथ हुई जब ओस्कारसन ने एक क्रॉस दिया, जिसे ओयारजाबल आसानी से नहीं पहुंचा पाए। लेकिन सेविला ने अपने पहले असली मौके का पूरा फायदा उठाया, एलेक्सिस ने मेजबान टीम को आगे कर दिया। उस पॉइंट से, रियल सोसिएदाद का अटैक फीका रहा, और वे कभी भी ऐसे मौके नहीं बना पाए, जिनसे बराबरी हो सकती थी। एक हार, जिससे पांचवें नंबर पर रहने की उनकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। चार मैच बाकी हैं और उनका मकसद सीजन को मजबूती से खत्म करना है।

काल ने उठाया राजस्थान रायल्स की बिक्री पर सवाल

हम नहीं हटे थे बोली से पीछे, प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं : सोमानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मीनिवास मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर 'गहरी निराशा' व्यक्त करते हुए इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था और कहा कि अंतिम परिणाम 'निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा' को नहीं दर्शाता है।

राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अनुसार लक्ष्मीनिवास मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने वैक्सीन निर्माता अदार पूनावाला के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स में 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600

करोड़ रुपए) में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली, क्योंकि सोमानी (टेक्नोलॉजी उद्यमी), रॉब वाल्टन (वॉलमार्ट समूह) और शीला फोर्ड हैम्प (फोर्ड समूह) के समूह ने अपना नाम वापस ले लिया।

हमारा समूह सौदा पूरा करने के लिए था तैयार : सोमानी

सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने कहा, 'छह महीने की लंबी प्रक्रिया के दौरान हम शुरू से अंत तक प्रमुख बोलीदाता थे और ऐसे में राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व समूह का हिस्सा न बन पाने से हम बेहद निराश हैं।' इसमें आगे कहा गया है, 'मीडिया में जो बातें फैलाई गई हैं उसके विपरीत हमारा समूह पूरी तरह से वित्त पोषित था और स्वामित्व हासिल करने के लिए तैयार था। हमारा समूह निश्चित रूप से सौदा पूरा करने के लिए तैयार था। हमने कभी भी अपनी बोली वापस नहीं ली।' समूह ने कहा कि उसके पास सभी दस्तावेज मौजूद हैं और उसे बताया गया था कि फ्रेंचाइजी के बोर्ड की बैठक उसकी बोली को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई थी।

सोमानी के दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं

समूह ने कहा, 'लेकिन आखिर में ऐसा नहीं हुआ। हमने इस प्रक्रिया को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, पेशेवरपन और सद्भावना के उच्चतम मानकों के साथ आगे बढ़ाया, लेकिन दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'हमारा मानना है कि आखिर में, जो परिणाम सामने आया वह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रतिबिंबित नहीं करता है।' सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसके दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं थीं, जो फ्रेंचाइजी के मौजूदा मालिकों मनोज बदाले और समूह की जांच में खरी नहीं उतरी। मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का लगभग 75 प्रतिशत, जबकि पूनावाला के पास लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा होगा।

स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला न्यायालय ने जारी किये आदेश

क्रूज हादसे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

जबलपुर। क्रूज हादसे को संज्ञान में लेते हुए जिला न्यायालय ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये हैं। जेएमएफसी डी पी सूत्रकार ने बरगी थाना पुलिस को दो दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज कर न्यायालय को सूचित करने के निर्देश जारी किए।

जेएमएफसी डी पी सूत्रकार ने अपने आदेश में कहा है कि समाचार पत्र तथा सोशल मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार न्यायालय के संज्ञान में यह तथ्य आये हैं कि चालक के द्वारा क्रूज उपेक्षापूर्वक चलाया गया। जिसके कारण क्रूज डूबने से कई व्यक्तियों की मौत हो गयी। क्रूज की गतिविधियों से परिचित होने पर भी चालक स्वयं यात्रियों को डूबता छोड़कर सकुशल बच निकला। उसके द्वारा उन्हें बचाने के कोई प्रयास न किया जाना धारा 106 भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा 110 अपराधिक मानव वध करने के प्रयत्न को दर्शाता है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं हुई तो भविष्य में क्रूज संचालन या नाव संचालित करने

वाला कोई भी व्यक्ति अनहोनी होने पर लोगों को डूबता हुआ छोड़ेगा और इस कार्य की पुनरावृत्ति होगी।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि उपरोक्त प्रकार की घटनाओं को रोकने हेतु न्यायालय घटना के समय क्रूज पर मौजूद चालक तथा अन्य सदस्यों पर एफआईआर दर्ज किये जाने के आदेश स्वतः संज्ञान लेकर देता है। आदेश में कहा गया है कि न्यायालय के द्वारा क्रूज में डूब रहे व्यक्तियों को बचाने वालों की सराहना करता है। न्यायालय ने बरगी थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि उक्त संबंध में दो दिनों में एफआईआर दर्ज न्यायालय को सूचित करें।

ज्वलनशील पदार्थों के कारखानों और गोदामों के खिलाफ हाईकोर्ट में गुहार

जबलपुर। शहर भर में चल रहे ज्वलनशील पदार्थों के कारखानों और गोदामों के खिलाफ मप्र हाईकोर्ट की शरण ली गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे व नयागांव के समाजसेवी रजत भार्गव ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर कर दी है। जल्द सुनवाई संभावित है। याचिका

में कहा गया है कि जबलपुर शहर के कोने कोने में ज्वलनशील पदार्थों का उत्पादन व भंडारण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। आवासीय क्षेत्रों में चल रहे ये कारखाने व गोदाम आबादी के लिए खतरा बने हुए हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कई शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अफसरों ने कोई कारवाई नहीं की गई।

हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

वैवाहिक विवादों में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने दहेज प्रकरण से जुड़े एक मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि वैवाहिक विवादों में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने कहा कि वैवाहिक विवाद के दौरान लगाए गए झूठे आरोप, यदि अनियंत्रित छोड़ दिए जाएं, तो कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। इस मत के साथ कोर्ट ने पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और उससे जुड़ी कार्रवाई निरस्त कर दी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि पति के खिलाफ ट्रायल जारी रहेगा। विदिशा निवासी शुभम साहू व अन्य की ओर से अधिवक्ता आकाश सिंघई ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शुभम की शादी सागर में रहने वाली निधि से 2022 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद निधि की तबियत खराब होने लगी और वह अपने मायके चली गई। कुछ दिन बाद निधि लापता हो गई। शुभम ने जुलाई 2025 में विवाह विच्छेद का आवेदन लगाया। इसके विरोध में पत्नी ने पति और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की एफआईआर दर्ज करवा दी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवादों में बिना ठोस साक्ष्य के परिवार के सदस्यों को फंसाना न्यायसंगत नहीं है।

रफ्तार का कहर : ओवरटेक करने के चक्कर में गोसलपुर में हादसा

बेलगाम बस- टेक्टर ट्राली से टकराई, 40 घायल, 6 गंभीर

जबलपुर। मंगलवार की सुबह जिले के गोसलपुर थाना क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाइवे स्थित मिडवे ढाबा के समीप कटनी से जबलपुर आ रही अंशिका ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 20 पीए 9849 ओव्हरटेक के प्रयास के दौरान गेहूं से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार सभी 40 यात्री जख्मी हो गए। जिनमें 21 घायलों को सिहोरा स्वास्थ्य केन्द्र तथा 19 को गोसलपुर चिकित्सालय पहुंचाया गया। इनमें से गंभीर रुप से 6 घायलों को जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

घटना के संबध में एडीशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 20 ए 0372 गेहूं लेकर जबलपुर कृषि उपज मंडी की ओर जा रहा था। इसी दौरान कटनी से जबलपुर की तरफ आ रही अंशिका ट्रेवल्स की बस के चालक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के

प्रयास में संतुलन खो दिया और बस सीधे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया,बस में फंसे यात्रियों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया गया। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का इंतजाम किया गया। मौके पर पहुंची 15 एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को सिहोरा,गोसलपुर व जबलपुर के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र तक भिजवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से बस चालक द्वारा ओवरटेक करना बताया जा रहा है जिस पर बस चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस घटना के बाद दोनों वाहन पलट गए थे। जिससे क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया, बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाया और ट्रैफिक बहाल कराया।

सीएमएचओ ने चिंता जताई, संबंधित विभागों को भेजी शिकायत

धीरे-धीरे विक्टोरिया अस्पताल की जमीन पर हो रहा कब्जा

जबलपुर। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया अस्पताल की बेशकीमती शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा बढ़ता ही जा रहा है, इस पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा संबंधित विभागों को पत्र लिखे गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता के कारण अस्पताल की जमीन पर अतिक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। दरअसल हितकारिणी स्कूल के सामने से गुरंदी तक अस्पताल का एरिया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार लगभग 10 एकड़ के क्षेत्रफल में अस्पताल के कई भवन बने है। लेकिन काफी बड़ा हिस्सा खाली पड़ा है। गुरंदी साईड में धीरे-धीरे अतिक्रमण होते

जा रहे है। अस्पताल के खाली पड़े हिस्से पर कुछ लोग कब्जा करके निर्माण कार्य कर रहे हैं। प्रशासन को दी गई जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 5 और 6 के पीछे, धोबी घाट के पास और गुरुद्वारे के समीप की सरकारी जमीन पर यह अतिक्रमण हो रहा है। इस संबंध में अधिकारियों को फोटो और दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए हैं।

कई बार भेजी गई शिकायत

लगातार हो रहे अतिक्रमण के संबंध में अस्पताल प्रबंधन द्वारा कलेक्टर, एसपी और निगमायुक्त को इस संबंध में शिकायत की। उसके बाद रिमाइंडर पत्र भी भेजे गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अतिक्रमणकारी अस्पताल की बाउंड्रीवॉल के बेहद करीब तक पहुंच चुके हैं। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में अस्पताल की जमीन और कम हो सकती है। इससे पहले 6 दिसंबर 2024 को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद 28 अप्रैल को ताजा रिमाइंडर भेजा गया है, जिसकी एक प्रति प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण गोयल को भी भेजी गई है।

सीएमएचओ ने जताई गहरी चिंता

विक्टोरिया अस्पताल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नवीन कोठारी ने अवैध कब्जे पर चिंता जताते हुए कहा कि अस्पताल के हिस्से में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए संबंधित विभागों से पत्राचार किया गया है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो अस्पताल के बहुत बड़े परिसर में अतिक्रमण हो सकता है। बाद में विवाद और परेशानी का कारण बनेगा।

लोक निर्माण विभाग ने किया स्पष्टीकरण

फ्लाईओवर से गिरा मटेरियल 'स्लरी' था, मूल स्ट्रक्चर का हिस्सा नहीं!

हरिभूमि जबलपुर।

दमोह नाका-महल फ्लाईओवर से मदनमहल स्टेशन के समीप कंक्रीट के टुकड़े गिरने के वायरल हुये वीडियो पर लोक निर्माण विभाग ने वास्तविक स्थिति स्पष्ट की है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा मटेरियल फ्लाईओवर के मूल स्ट्रक्चर का हिस्सा नहीं है। यह बॉक्स सेगमेंट एवं डेक स्लैब के ज्वाइंट का "स्लरी" वाला भाग है। यह मटेरियल डी-शटरिंग के दौरान सतह पर चिपका रह जाता है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि न तो यह तकनीकी खामी है और न ही इससे फ्लाईओवर के मूल स्ट्रक्चर को किसी प्रकार नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि टेम्प्रेचर वेरिएशन के कारण कई बार यह चिपिंग मटेरियल सतह से निकल जाता है, जैसा कि वीडियो में प्रदर्शित हो रहा है। कार्यपालन यंत्री के मुताबिक कांट्रेक्टर को इस चिपिंग मटेरियल को निकालने के निर्देश दे दिए गये हैं और कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है।

झगड़ालू बहू ने देवर को काटा, सास से की झूमाझपटी

जबलपुर। गोहलपुर थाना अतंर्गत भोलानगर गोहलपुर में लड़ाई झगड़ा कर मायके जा रही एक बहू को सास ने रोका तो बहू ने सास के साथ झूमाझपटी कर दी और बीच बचाव करने आए देवर को काट कर झूठे केस में फसाने की धमकी दी। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोलानगर गोहलपुर निवासी 27 वर्षीय राजेंद्र चौधरी की भाभी सपना चौधरी महीना दो महीना अच्छे से रहती है और फिर विवाद कर मायके चली जाती है, जो समझौता होने के बाद वापस ससुराल आ गयी थी। गत दिवस भाभी सपना लड़ाई झगड़ा कर मायके जाने लगी, तभी सास ने मना किया तो उनके साथ झूमाझपटी करने लगी, देवर राजेंद्र ने बीच बचाव किया तो उसके हाथ में दांत से काट दी और यहां रहने को मजबूर करने पर सबको झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस आरोपिया के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 118(1), 351(3), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

लॉजिस्टिक पार्क हादसा, करोड़ों के नुकसान का अनुमान

सुबह तक धधकती रही वेयरहाउस में आग

जबलपुर। शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर कटंगी बायपास स्थित यूनिटी लॉजिस्टिक पार्क में देर रात लगी भीषण आग लगभग मंगलवार की सुबह तक सुलगती रही। यह आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें कई किलोमीटर दूर से साफ दिखाई दे रही थीं। अचानक भडकी इस आग ने रिलायंस, ब्रिटानिया और डेलिवेरी जैसी 3 बड़ी कंपनियों के गोदामों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की इस घटना से करोड़ों रुपये का अनाज और अन्य पैकेज्ड फूड आइटम पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। गनीमत यह रही कि इस घटना में रात को काम पर आए कर्मचारी बाल बाल बच गए। आग से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग बुझाने में दमकल की नगर निगम के अलावा सुरक्षा संस्थानें की गाडियां व फायर फोम टेंडर की मदद लेनी पडी तब कहीं भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

बताया जाता है कि शहर के एक छोर पर कटंगी बायपास पर स्थित इस लॉजिस्टिक पार्क में रात्रि 10.30 बजे के बाद अचानक आग भड़की। रात के समय तेज हवाएं चलने के कारण आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। वेयरहाउस के भीतर तेल और अन्य पैकेज्ड फूड आइटम जैसे ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे, जिन्होंने आग में घी का काम किया। कुछ ही मिनटों में आग ने रिलायंस, ब्रिटानिया और डेलिवेरी के गोदामों को अपने घेरे में ले लिया। बताया जाता है कि डेलिवेरी कंपनी का लगभग 46 हजार वर्ग फीट, ब्रिटानिया का लगभग 45 हजार वर्ग फीट और रिलायंस का करीब 50 हजार वर्ग फीट का एरिया इस आग की चपेट में आ गया। इसके अलावा ब्रिटानिया का एक सामान से भरा ट्रक भी पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

25 दमकल वाहन लगे रहे आग बुझाने

आग को बुझाने के लिए रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। नगर निगम के अलावा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया, व्हीकल फैक्ट्री, गन कैरिज फैक्ट्री और आसपास के क्षेत्रों से दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। आग पर काबू पाने के लिए 25 से अधिक दमकल वाहनों और 100 से अधिक पानी के टैंकरों का इस्तेमाल किया गया। लगभग 150 से अधिक ट्रिप पानी और फोम कंपाउंड की मदद से करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आज मंगलवार सुबह आग पर काबू पाया जा सका। हादसे के समय रिलायंस और ब्रिटानिया के गोदाम पूरी तरह बंद थे, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। डेलिवेरी के वेयरहाउस में नाइट शिफ्ट के दौरान लगभग 50 कर्मचारी मौजूद थे। आग की लपटें देखकर सभी लोग समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे। डेलिवेरी कंपनी की पाली में कुल 150 कर्मचारी काम करते हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और स्थानीय विधायक इंदु तिवारी सहित कई बड़े अधिकारी रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों का जायजा लिया। प्रशासन के अनुसार यहां रखे हाई वैल्यू स्टॉक के चलते कुल नुकसान का आंकड़ा करोड़ों रुपये तक पहुंच सकता है। आग लगने की प्राथमिक वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। प्रशासन वेयरहाउस के फायर सेफ्टी इंतजामों की भी जांच में भी जुट गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240